भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव

भारतीयों का कहना है कि सभी धर्मों का सम्मान करना जरूरी है, लेकिन अधिकांश धार्मिक समूह को एक-दूसरे में बहुत कम समानताएँ दिखती हैं और वे अलग रहना चाहते हैं

भारत के औपनिवेशिक शासन से आज़ाद होने के 70 से अधिक बरसों के बाद, भारतीयों को आम तौर पर लगता है कि उनके देश ने स्वतंत्रता के बाद के अपने आदर्शों में से एक का पूरा पालन किया है: एक ऐसा समाज जहां कई धर्मों के अनुयायी स्वतंत्र रूप से रहते हुए अपने धर्मों का पालन कर सकते हैं।

भारत की विशाल जनसंख्या विविध होने के साथ-साथ धर्मनिष्ठ भी है। न केवल दुनिया के अधिकांश हिंदू, जैन और सिक्ख भारत में रहते हैं, बल्कि यह दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी में से एक, और लाखों ईसाइयों और बौद्धों का घर भी है।

वर्ष 2019 के अंत और 2020 की शुरुआत (COVID-19 महामारी से पहले) के बीच 17 भाषाओं में किए गए लगभग 30,000 वयस्कों के रूबरू साक्षात्कार के आधार पर, भारत भर में धर्म के एक नए प्रमुख Pew रिसर्च सेंटर सर्वेक्षण में पाया गया कि इन सभी धार्मिक पृष्ठभूमि वाले भारतीयों का कहना है कि वे अपने धार्मिक विश्वासों का पालन करने के लिए बिल्कुल स्वतंत्र हैं।

भारत में हिंदू सबसे अधिक संख्या में है, लेकिन धार्मिक अल्पसंख्यक भी बड़ी आबादी में हैं

धर्म के आधार पर भारत की वयस्क जनसंख्या (2011 की जनगणना)



ध्यान दें: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों के आधार पर।
स्रोत: भारत की जनगणना, 2011.
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"
PEW रिसर्च सेंटर

भारतीय, धार्मिक सहिष्णुता को राष्ट्रीय स्तर पर अपने अस्तित्व के केन्द्रीय तत्व के रूप में देखते हैं। मुख्य धार्मिक समूहों में अधिकांश लोग कहते हैं कि "सच्चा भारतीय" होने के लिए सभी धर्मों का सम्मान करना बहुत जरूरी है। और सहिष्णुता धार्मिक होने के साथ नागरिक मूल्य है: भारतीय इस दृष्टिकोण पर एक हैं कि *अन्य* धर्मों का सम्मान करना *उनके अपने* धार्मिक समुदाय का सदस्य होने का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारतीयों को लगता है कि उनके पास धार्मिक स्वतंत्रता है, वे सभी धर्मों का सम्मान करने को बुनियादी मूल्य के रूप में देखते हैं

% भारतीय वयस्कों जो कहते हैं ...



* उत्तरदाताओं से पूछा गया था, "कृपया मुझे बतायें, कि [हिंदू/मुस्लिम/आदि] होने का जो मतलब है, उसके लिहाज से इनमें से प्रत्येक आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। अन्य धर्मों का सम्मान करना : बहुत महत्वपूर्ण है, थोड़ा बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत महत्वपूर्ण नहीं है या बिल्कुल भी महत्वपूर्ण नहीं है?" उत्तरदाताओं का बहुत छोटा हिस्सा, जिन्होने अपने किसी धर्म से ताल्लुक न रखने की बात कही, उनसे यह सवाल नहीं पूछा गया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के मध्य 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

इन साझा मूल्यों के साथ कई मान्यताएं जुड़ी हैं जो धार्मिक सीमाओं से परे हैं। भारत में न केवल अधिकांश हिंदू (77%) कर्म में विश्वास करते हैं, बल्कि उतने ही प्रतिशत मुसलमान भी कर्म में विश्वास करते हैं। 81% हिंदुओं के साथ भारत में एक तिहाई ईसाई (32%) कहते हैं कि वे गंगा नदी की पवित्रता की शक्ति में विश्वास करते हैं, जो कि हिंदू धर्म का प्रमुख विश्वास है। उत्तरी भारत में, 37% मुसलमानों के साथ, 12% हिन्दू और 10% सिक्ख, सूफीवाद से जुड़ाव को स्वीकार करते हैं जो कि एक ऐसी आध्यात्मिक परंपरा है जो इस्लाम के सबसे करीब से जुड़ी हुई है। और सभी प्रमुख धार्मिक पृष्ठभूमि के भारतीयों का विशाल बहुमत कहता है कि बुजुर्गों का सम्मान करना उनके धार्मिक विश्वास के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है।

फिर भी, कुछ मूल्यों और धार्मिक मान्यताओं को साझा करने के बावजूद - साथ ही एक ही संविधान के तहत एक ही देश में रहते हुए - भारत के प्रमुख धार्मिक समुदायों के सदस्यों को अक्सर यह महसूस नहीं होता है कि उनके बीच बहुत कुछ साझा है। बहुसंख्यक हिंदू (66%) ख़ुद को मुसलमानों से बहुत अलग देखते हैं, और अधिकांश मुसलमान यही भावना साझा करते हैं कि वे हिंदुओं से बहुत अलग हैं (64%)। कुछ अपवाद हैं: दो तिहाई जैन और लगभग आधे सिक्ख कहते हैं कि उनमें और हिंदुओं के बीच बहुत सारी समानताएं हैं । लेकिन आम तौर पर, भारत के प्रमुख धार्मिक समुदायों में लोग ख़ुद को दूसरों से बहुत अलग देखते हैं।

भारत के धार्मिक समूह आमतौर पर ख़ुद को एक-दूसरे से बहुत अलग देखते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना कि उनमें और भारत के _ के बीच बहुत सारी समानताएं हैं/ बहुत विभिन्नताएं हैं



ध्यान दें: अन्य / कोई नहीं / निर्भर करता है / पता नहीं / मना कर दिया जैसे जवाब नहीं दिखाई गये हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के मध्य 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

अंतर की यह धारणा उन परंपराओं और आदतों में परिलक्षित होती है जो भारत के धार्मिक समूहों के अलगाव को बनाए रखती हैं। उदाहरण के लिए, धार्मिक समुदायों के बीच विवाह - और, संबंधित, धर्मान्तरण - अत्यधिक दुर्लभ हैं (अध्याय 3 देखें)। धार्मिक समूहों की श्रंखला में कई भारतीयों का कहना है कि अपने समुदाय के लोगों को दूसरे धर्म में शादी करने से रोकना अति आवश्यक है। मोटे तौर पर दो-तिहाई हिंदू भारत में हिंदू महिलाओं (67%) या हिंदू पुरुषों (65%) के अंतरजातीय विवाह को रोकना चाहते हैं। ज़्यादातर मुस्लिमों को भी ऐसा ही लगता है: 80% का कहना है कि मुस्लिम महिलाओं को अपने धर्म से बाहर शादी करने से रोकना बहुत जरूरी है और 76% का कहना है कि मुस्लिम पुरुषों को ऐसा करने से रोकना बहुत ज़रुरी है।

धार्मिक अन्तर्विवाह को रोकना भारत में हिंदुओं, मुसलमानों और अन्य लोगों के लिए उच्च प्राथमिकता है

% भारतीय वयस्क जो कहते हैं कि उनके समुदाय में महिलाओं / पुरुषों को किसी अन्य धर्म में शादी करने से रोकना बहुत महत्वपूर्ण है



स्रोत: भारत में वयस्कों के मध्य 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

इसके अलावा, जब बात उनके दोस्तों पर आती है, आमतौर पर भारतीय अपने ही धार्मिक समूह से चिपके रहते हैं। अधिकांश हिंदुओं का कहना है कि उनके सभी या अधिकांश क़रीबी दोस्त भी हिंदू ही हैं। बेशक, हिंदुओं की आबादी का बहुमत है, और वास्तविक संख्या के परिणामस्वरूप, अन्य धर्मों के लोगों के साथ की तुलना में हिंदुओं के साथ संपर्क करने की संभावना अधिक हो सकती है। लेकिन सिक्ख और जैनी का भी, जो कि राष्ट्रीय जनसंख्या का एक बहुत छोटा हिस्सा हैं, एक बड़ा बहुमत कहता है कि उनके दोस्त मुख्य रूप से या पूरी तरह से उनके अपने छोटे धार्मिक समुदाय से आते हैं।

कम भारतीयों का यह कहना है कि उनके पड़ोस में केवल उनके ही धर्म से संबंधित लोग होने चाहिए। फिर भी, कई लोग कुछ धर्मों के लोगों को अपने निवास क्षेत्रों या गांवों से बाहर ही रखना चाहेंगे। उदाहरण के लिए, बहुत से हिन्दुओं (45%) को *अन्य* सभी धर्मों- चाहे वे मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध या जैन हों - के लोगों के पड़ोसी के रूप में स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं हैं - किंतु इतना ही बड़े तबके (45%) का कहना है कि वे इनमें से कम से कम एक समूह के अनुयायियों को स्वीकार करने को तैयार *नहीं* होंगे, जिसमें तीन में से एक से ज्यादा हिंदू (36%) ऐसे हैं जो पड़ोसी के रूप में किसी मुस्लिम को नहीं चाहते हैं। जैनियों में, अधिकांश (61%) का ये कहना है कि वे इन समूहों में से कम से कम एक समूह के लोगों को अपने पड़ोस में नहीं चाहेंगे, जिसमें 54% ऐसे हैं जो पड़ोसी के रूप में किसी मुस्लिम को नहीं चाहेंगे, हालांकि लगभग सभी जैन (92%) मानते हैं कि वे हिंदू को पड़ोसी के रूप में स्वीकार करना चाहेंगे।

कई लोग अन्य धर्मों के अनुयायियों को पड़ोसी के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे किसी ____ को पड़ोसी तौर पर स्वीकार नहीं करेंगे



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारतीयों ने फिर साथ ही साथ धार्मिक सहिष्णुता और पृथक क्षेत्रों में उनके धार्मिक समुदायों को रखने के लिए एक समान वरीयता के लिए उत्साह व्यक्त किया - वे मिल-जुलकर पृथक रूप से रहते हैं। ये दो भावनाएं विरोधाभासी लग सकती हैं, लेकिन कई भारतीयों के लिए ऐसा नहीं हैं।

वास्तव में, कई लोग इन दोनों ही स्थितियों में रहते हुए कहते हैं कि दूसरों के प्रति सहिष्णु होना महत्वपूर्ण है *और* धार्मिक लाइनों में व्यक्तिगत संबंधों को सीमित करने की इच्छा व्यक्त करते हैं। धार्मिक रूप से पृथक समाज के पक्षधर भारतीय भी बेहद सकारात्मक रूप से धार्मिक सहिष्णुता के पक्ष में हैं। उदाहरण के लिए, हिन्दू जो कहते हैं कि हिंदू महिलाओं के अंतर धार्मिक विवाह को रोकना बहुत महत्वपूर्ण है, 82% यह भी कहते हैं कि एक हिंदू होने के नाते अन्य धर्मों का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है। अंतर धार्मिक विवाह रोकने के प्रति कतई खिलाफ़ न रहने वाले हिंदुओं में यह आंकड़ा लगभग बराबर है (85%) जो धार्मिक सहिष्णुता को मजबूती के साथ महत्व देते हैं।

दूसरे शब्दों में कहें तो भारतीयों की धार्मिक सहिष्णुता की अवधारणा में धार्मिक समुदायों का मेलजोल होना जरूरी नहीं है। जबकि कुछ देशों में लोग विभिन्न धार्मिक पहचानों के "मेल-मिलाप" करने की आंकाक्षा कर सकते हैं, कई भारतीय, समूहों के बीच, स्पष्ट सीमाओं के साथ मिले-जुले ताने-बाने वाले देश की पहचान को पसंद करते दिखते हैं।

भारत में हिंदू राष्ट्रवाद के आयाम

इनमें से एक धार्मिक विभाजन रेखा - भारत के हिंदू बहुसंख्यकों और देश के छोटे धार्मिक समुदायों के बीच संबंध - की सार्वजनिक जीवन में विशेष प्रासंगिकता है, विशेष रूप से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल के हालिया वर्षों में। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा को अक्सर हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा को बढावा देने के रूप में वर्णित किया जाता है।

इस सर्वेक्षण में पता चलता है कि हिंदू अपनी धार्मिक पहचान और भारतीय राष्ट्रीय पहचान को करीब से एक दूसरे में मिले हुए के रूप में देखते हैं: लगभग दो-तिहाई हिंदू (64%), कहते हैं कि "सच्चा" भारतीय होने के लिए हिंदू होना बहुत महत्वपूर्ण है।

भारत में अधिकांश हिन्दुओं का कहना है कि 'सच्चा' भारतीय होने के लिए हिंदू होना, हिंदी बोलना बहुत ज़रूरी है

% भारतीय हिंदुओं का कहना है कि सच्चा भारतीय होने के लिए ___बहुत महत्वपूर्ण है

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

अधिकांश हिंदू (59%) भारत में व्यापक रूप से बोली जाने वाली दर्जनों भाषाओं में से एक, हिंदी, को भी भारतीयता की पहचान के साथ जोड़ते हैं। और राष्ट्रीय पहचान के ये दो आयाम - हिंदी बोलना और हिंदू होना- निकटता से जुड़े हुए हैं। हिन्दुओं में, जो कहते हैं कि सच्चा भारतीय होने के लिए *हिंदू होना* बहुत महत्वपूर्ण है, ऐसे 80% लोग पूरी तरह से यह भी कहते हैं कि भारतीय होने के लिए *हिंदी बोलना* बहुत महत्वपूर्ण है।

भाजपा का समर्थन उच्चतर है उन हिन्दू मतदाताओं में जो हिन्दू होने और हिंदी बोलने को भारतीयता की पहचान से जोड़ते हैं। वर्ष 2019 के राष्ट्रीय चुनावों में, 60% हिंदू मतदाता जो सोचते हैं कि भारतीय होने के लिए हिंदू होना *और* हिंदी बोलना बहुत महत्वपूर्ण है, भाजपा के लिए अपना मत डाला, इसकी तुलना में केवल एक तिहाई हिंदू भाजपा मतदाता हैं जो राष्ट्रीय पहचान के इन दोनों पहलू के बारे में कम दृढ़ता से सोचते हैं।

भाजपा का समर्थन उच्चतर है उन हिन्दू मतदाताओं में जो हिन्दू होने और हिंदी बोलने को भारतीयता की पहचान से जोड़ते हैं



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

कुल मिलाकर, वर्ष 2019 के चुनावों में मतदान करने वालों में, दस में से तीन हिंदू निम्न तीनों स्थितियाँ अपनाते हैं: अर्थात यह मानना कि असली भारतीय होने के लिए हिंदू होना बहुत महत्वपूर्ण है; हिंदी बोलने को लेकर वैसा ही महसूस करना; और भाजपा के लिए अपना मत डालना।

ये दृष्टिकोण व्यापक रूप से देश के हिंदी-भाषी उत्तर और मध्य क्षेत्रों में हिन्दुओं के बीच काफी आम हैं, जहां सभी हिंदू मतदाताओं में से लगभग आधे इस श्रेणी में आते हैं। तुलना में, दक्षिण में सिर्फ 5% इस श्रेणी में आते हैं।

हिन्दुओं के बीच, राष्ट्रीय पहचान और राजनीतिक विचारों पर क्षेत्रीय विभाजन हैं

% भारतीय हिन्दुओं का कहना है कि...

	सच्चा भारतीय होने के लिए हिन्दू होना बहुत महत्वपूर्ण है	सच्चा भारतीय होने के लिए हिंदी बोलना बहुत महत्वपूर्ण है	2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मतदान किया*	भाजपा को मतदान किया *और* वे कहते हैं कि सच्चा भारतीय होने के लिए हिंदू होना *और* हिंदी बोलना बहुत महत्वपूर्ण है*
कुल हिन्दू	64%	59%	49%	30%
उत्तर	69	71	68	47
मध्य	83	87	65	53
पूर्व	65	58	46	28
पश्चिम	61	53	56	26
दक्षिण	42	27	19	5
उत्तर-पूर्व	39	39	73	19

* केवल हिन्दुओं की उस बहुतायात पर आधारित है जो कहते हैं कि उन्होंने वर्ष 2019 के संसदीय चुनावों में मतदान किया।
ध्यान दें: गहरे रंग उच्चतम मानों को दर्शाते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

इस रिपोर्ट में भारत के क्षेत्रों को कैसे निर्धारित किया गया है



ध्यान दें: ये क्षेत्र क्षेत्रीय काउंसिल डिवीज़नों को प्रतिबिंबित करते हैं। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों के आधार पर आबादी का हिस्सा। सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर घाटी में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। COVID-19 के प्रकोप के कारण मणिपुर या सिक्किम में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। सर्वेक्षण में शामिल करने के लिए चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव या लद्दाख के किसी भी स्थान का चयन नहीं किया गया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में फील्डवर्क नहीं किया गया।
स्रोत: भारत की जनगणना, 2011.
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

क्या इन तीनों मानदंडों को पूरा करने वाले हिंदू "हिंदू राष्ट्रवादी" के रूप में योग्य हैं, इस पर चर्चा की जा सकती है, लेकिन जब बात इस मुद्दे पर आती है कि वे किससे शादी करते हैं, उनके दोस्त कौन हैं और किसके बीच वे रहते हैं, तब वे हिंदुओं और अन्य धार्मिक समूहों के बीच स्पष्ट सीमाओं को बनाए रखने के लिए एक उत्कट इच्छा व्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय पहचान को धर्म और भाषा दोनों से जोड़ कर देखने वाले हिंदू भाजपा के मतदाताओं में से 83% कहते हैं कि हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्म में शादी करने से रोकना बहुत आवश्यक है जबकि अन्य हिन्दू मतदाताओं के बीच में यह 61% है।

भारत में हिंदू मतदाताओं में, धार्मिक राष्ट्रवाद के साथ जुड़ा है धार्मिक अलगाव, अधिक धार्मिक पालन



ध्यान दें: * केवल उन हिन्दुओं की बहुतायात पर आधारित है जो कहते हैं कि उन्होंने वर्ष 2019 के संसदीय चुनावों में मतदान किया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

यह समूह भी धार्मिक रूप से अधिक चौकस रहता है: 95% का कहना है कि धर्म का उनके जीवन में बड़ा महत्व है, और लगभग तीन-चौथाई (73%) का कहना है कि वे रोज प्रार्थना करते हैं। अन्य हिंदू मतदाताओं की तुलना में, एक छोटे बहुमत (80%) का कहना है कि धर्म का उनके जीवन में बड़ा महत्व है, और लगभग आधे (53%) का कहना है कि वे रोज प्रार्थना करते हैं।

भले ही हिंदू भाजपा मतदाता जो राष्ट्रीय पहचान को धर्म और भाषा से जोड़ते हैं, वे धार्मिक रूप से पृथक भारत के समर्थन की ओर झुकाव रखते हैं, वे अन्य हिंदू मतदाताओं की तुलना में भारत की धार्मिक विविधता के बारे में *अधिक* सकारात्मक राय भी व्यक्त करते हैं। इस समूह के लगभग दो-तिहाई (65%) हिन्दु (जो कहते हैं कि वास्तव में भारतीय होने के लिए हिंदू होना और हिंदी बोलना बहुत महत्वपूर्ण है *और* जिन्होंने वर्ष 2019 में भाजपा को वोट दिया) कहते हैं कि धार्मिक विविधता से भारत लाभान्वित होता है। जबकि अन्य हिंदू मतदाताओं के लगभग आधे लोग (47%) कहते हैं कि धार्मिक विविधता से भारत लाभान्वित होता है।,

यह निष्कर्ष बताता है कि अनेक हिन्दुओं के लिए, धार्मिक विविधता का मूल्यांकन (कम से कम सिद्धांत रूप में) और यह महसूस करने के बीच कोई विरोधाभास नहीं है कि हिंदू किसी भी तरह से अन्य धर्म का पालन करने वाले साथी नागरिकों की तुलना में अधिक प्रामाणिक रूप से भारतीय हैं।

हिंदू और भारतीय पहचान को निकटता से जुड़ा हुआ देखने वाले हिंदू विविधता के बारे में सकारात्मक विचार व्यक्त करते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि धार्मिक विविधता देश को लाभ/हानि पहुँचाती है



* केवल हिन्दुओं की उस बहुतायात पर आधारित है जो कहते हैं कि उन्होंने वर्ष 2019 के संसदीय चुनावों में मतदान किया।
ध्यान दें: "कोई भी नहीं/पता नहीं/इंकार" ऐसे उत्तरदाताओं को संकेत करता है जिन्होंने उत्तर दिया "न तो लाभ और न ही हानि पहुँचाता है" या "पता नहीं" या प्रश्न का उत्तर देने से मना कर दिया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारतीयों में समग्र रूप से, धार्मिक विविधता के लाभों पर कोई व्यापक आम सहमति नहीं है। तुलनात्मक रूप में, कई भारतीय विविधता को अपने देश के लिए दायित्व के रूप में देखने के बजाय लाभ के रूप में देखते हैं: लगभग आधे (53%) भारतीय वयस्कों का कहना है कि भारत की धार्मिक विविधता से देश को लाभ होता है, जबकि लगभग एक चौथाई (24%) भारतीय वयस्क विविधता को हानिकारक मानते हैं, जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों के समान आंकड़े हैं। लेकिन 24% भारतीय किसी भी तरह स्थिति को स्पष्ट नहीं करते हैं - वे कहते हैं कि विविधता न तो देश को लाभ देती है और न ही हानि पहुंचाती है, या वे इस प्रश्न का उत्तर देने से मना कर देते हैं। (विविधता के प्रति दृष्टिकोण की चर्चा के लिए अध्याय 2 देखें।)

भारत के मुसलमान सांप्रदायिक तनाव, अलगाव की इच्छा को स्वीकार करते हुए भारतीय होने पर गर्व जताते हैं

देश का दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह, भारत का मुस्लिम समुदाय, ऐतिहासिक रूप से हिंदू बहुसंख्यक के साथ जटिल संबंध रखता रहा है। आम तौर पर सदियों से ये दोनों समुदाय शांति से साथ-साथ रहे हैं, लेकिन उनका साझा इतिहास नागरिक अशांति और हिंसा से भी जुड़ा हुआ है। हाल ही में, जब सर्वेक्षण किया जा रहा था, तब कुछ पड़ोसी देशों से आ रहे मुस्लिम शरणार्थियों को त्वरित गति से भारत की नागरिकता नहीं प्रदान करने वाले सरकार के नए नागरिकता कानून के विरोध में नई दिल्ली व कहीं और जगहों पर प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

भारत के मुसलमानों का विशाल बहुसंख्यक कहता है कि भारतीय संस्कृति दूसरों से बेहतर है

% भारतीय मुसलमान जो इस कथन से सहमत/असहमत हैं कि "भारतीय लोग परिपूर्ण नहीं हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति दूसरों से बेहतर है"



ध्यान दें: पता नहीं/इंकार किया जवाब नहीं दिखाए गए हैं। नज़दीकी पूर्णांक तक ले जाने के कारण आंकड़े प्रदर्शित कुल-योग के बराबर नहीं भी हो सकते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

आज, भारत के मुसलमान लगभग सर्वसम्मति से कहते हैं कि उन्हें भारतीय (95%) होने पर बहुत गर्व है, और वे भारतीय संस्कृति के लिए काफ़ी उत्साह व्यक्त करते हैं: 85% इस कथन से सहमत हैं कि "भारतीय लोग परिपूर्ण नहीं हैं, लेकिन भारतीय संस्कृति दूसरों से बेहतर है।"

अपेक्षाकृत बहुत कम मुसलमानों का कहना है कि उनका समुदाय भारत में भेदभाव का "काफ़ी" सामना करता है (24%) । वास्तव में, भारत में मुसलमानों का जितना प्रतिशत अपने समुदाय के खिलाफ व्यापक भेदभाव देखता है, उतने ही प्रतिशत हिन्दू ऐसे हैं जो कहते हैं कि भारत में हिन्दूओं को व्यापक धार्मिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है (21%)। (धार्मिक भेदभाव पर दृष्टिकोण की चर्चा के लिए अध्याय 1 देखें।)

लेकिन मुसलमानों में भेदभाव के साथ व्यक्तिगत अनुभव क्षेत्रीय रूप से काफी भिन्न-भिन्न होते हैं। उत्तर में, 40% मुसलमानों का कहना है कि पिछले 12 माह में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से धार्मिक भेदभाव का सामना किया है - जो अधिकांश अन्य क्षेत्रों में दर्ज किए गए स्तर से बहुत अधिक है।

इसके अलावा, देश भर में अधिकांश मुसलमान (65%), उतने ही हिन्दू (65%) सांप्रदायिक हिंसा को बहुत बड़ी राष्ट्रीय समस्या के रूप में देखते हैं। (राष्ट्रीय समस्याओं की ओर भारतीयों के दृष्टिकोण की चर्चा के लिए अध्याय 1 देखें।)

कुल मिलाकर, पांच में से एक मुसलमान का कहना है कि उन्होंने हाल ही में व्यक्तिगत रूप से धार्मिक भेदभाव का सामना किया है, लेकिन क्षेत्रों के अनुसार भिन्न-भिन्न विचार मिलते हैं

% भारतीय मुसलमान जो कहते हैं कि उन्होंने पिछले 12 माह में व्यक्तिगत रूप से धार्मिक भेदभाव का सामना किया है



ध्यान दें: सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर घाटी में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। COVID-19 के प्रकोप के कारण मणिपुर या सिक्किम में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। सर्वेक्षण में शामिल करने के लिए चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव या लद्दाख के किसी भी स्थान का चयन नहीं किया गया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में फील्डवर्क नहीं किया गया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

हिन्दुओं की ही तरह, मुसलमान भी धार्मिक रूप से अलग जीना पसंद करते हैं - न केवल शादी और दोस्ती की स्थिति में बल्कि सार्वजनिक जीवन के कुछ तत्वों में भी यही स्थिति है। विशेष रूप से, मुसलमानों का तीन-चौथाई (74%) धर्मनिरपेक्ष अदालत प्रणाली के अलावा, इस्लामिक अदालतों की मौजूदा प्रणाली उपलब्ध कराने का समर्थन करते हैं, जो परिवार विवाद (जैसे विरासत या तलाक के मामले) को देखती हैं।

भारत में मुसलमान अपनी धार्मिक अदालतों उपलब्ध कराने का समर्थन करते हैं

% भारतीय वयस्क जो पारिवारिक विवादों जैसे कि विरासत या तलाक के मुद्दों को सुलझाने के लिए मुसलमानों को खुद की धार्मिक अदालत में जाने का समर्थन करते हैं



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

धार्मिक अलगाव के लिए मुसलमानों की इच्छा अन्य समूहों की सहिष्णुता से परे नहीं है जो कि हिन्दुओं में देखे गए पैटर्न जैसा है। निस्संदेह, बहुत से मुसलमान जो अपने समुदाय के लिए अलग धार्मिक अदालतों का पक्ष लेते हैं, कहते हैं कि धार्मिक विविधता भारत को लाभ देती है (59%)। जो मुसलमान धार्मिक अदालतों का विरोध करते हैं उनमें कुछ कम लोगों का मानना है कि धार्मिक विविधता भारत को लाभ देती है (50%)।

साइडबार: भारत में इस्लामी अदालतें

1937 से, भारत के मुसलमानों के पास आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त, दारुल क़ज़ा के रूप में जानी जाती इस्लामी अदालतों में परिवार और विरासत से संबंधित मामलों को हल करने का विकल्प है। ये अदालतें क़ाज़ी कहे जाने वाले धार्मिक मजिस्ट्रेटों द्वारा देखी जाती हैं और शरिया सिद्धांतों के तहत काम करती हैं। उदाहरण के लिए, जबकि अधिकांश भारतीयों के लिए उत्तराधिकार के नियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम,1925 और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम,1956 (2005 में संशोधित) द्वारा शासित हैं, इस्लामी विरासत प्रथाएं कुछ मायनों में भिन्न हैं, जिसमें किसे उत्तराधिकारी माना जा सकता है और मृत व्यक्ति की संपत्ति का कितना हिस्सा उन्हें विरासत में मिल सकता है; शामिल हैं। भारत के विरासत कानून अन्य धार्मिक समुदायों, जैसे हिंदू और ईसाई, की भिन्न परंपराओं को भी ध्यान में रखते हैं, लेकिन उनके मामलों को धर्मनिरपेक्ष अदालतों में संभाला जाता है। केवल मुस्लिम समुदाय के पास पारिवारिक न्यायालयों की अलग प्रणाली द्वारा मामलों की सुनवाई का विकल्प है। हालाँकि, धार्मिक न्यायालयों के निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते हैं, और यदि वे धार्मिक न्यायालय के निर्णय से संतुष्ट नहीं होते हैं तो इसमें शामिल पक्षकारों के पास धर्मनिरपेक्ष अदालतों में अपने मामले को ले जाने का विकल्प होता है ।

वर्ष 2021 तक, भारत में लगभग 70 दारुल क़ज़ा हैं। अधिकांश महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में हैं। गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जो इन न्यायालयों द्वारा शासन करने को मान्यता नहीं देता है, बजाय इसके वह अपना एक समान नागरिक संहिता लागू करता है। दारुल क़ज़ा की देखरेख ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा की जाती है।

जबकि ये अदालतें मुसलमानों के बीच तलाक को मंजूरी दे सकती हैं, उन्हें तीन तलाक के नाम से जानी जाती प्रथा के माध्यम से दिए गए तलाक को मंजूरी देने से रोक दिया गया है, जिसमें एक मुसलमान पुरुष तुरंत अपनी पत्नी को अरबी/उर्दू शब्द "तलाक" (जिसका अर्थ है "विवाह-विच्छेद") तीन बार बोल के तलाक देता है। इस प्रथा को भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में असंवैधानिक माना और औपचारिक रूप से वर्ष 2019[1] में भारत के संसद के निचले सदन, लोक सभा द्वारा बहिष्कृत कर दिया गया।

हाल ही में इस्लामी अदालतों के इर्दगिर्द चर्चाएं छिड़ गई हैं। कुछ भारतीयों ने चिंता व्यक्त की है कि दारुल क़ज़ा का उदय भारतीय न्यायपालिका को कमजोर कर सकता है, क्योंकि जनसंख्या का एक उपसमूह उन कानूनों के प्रति बाध्य नहीं होगा जिनसे अन्य सभी बाध्य होंगे। अन्य लोगों ने तर्क दिया है कि इस्लामी अदालतों के फैसले महिलाओं के लिए विशेष रूप से अनुचित हैं, हालांकि तीन तलाक का निषेध इन आलोचनाओं को कम कर सकता है। अपने 2019 के राजनीतिक घोषणापत्र में, भाजपा ने राष्ट्रीय समान नागरिक संहिता बनाने की इच्छा जताते हुए कहा कि इससे लैंगिक समानता बढ़ेगी।

[1]अहमद, हिलाल. 2019. "सियासी मुसलमान: भारत में राजनीतिक इस्लाम की एक कहानी।"

कुछ भारतीय टीकाकारों ने भारत के "तालिबानीकरण" के रूप में दारुल क़ज़ा की बढ़ती संख्या का वर्णन करते हुए, मुसलमानों के खिलाफ़ अधिक व्यापक नकारात्मक भावनाओं के साथ इस्लामी अदालतों के विरोध में आवाज़ उठाई है।

दूसरी ओर, मुस्लिम विद्वानों ने दारुल क़ज़ा का बचाव करते हुए कहा कि वे न्याय में तेजी लाते हैं क्योंकि पारिवारिक विवाद जो अन्यथा भारत की अदालतों में और भीड़ बढाएंगे, उन्हें अलग से संभाला जा सकता है, जिससे धर्मनिरपेक्ष अदालतें अन्य चिंताओं पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

वर्ष 2018 से, हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी हिंदू महासभा (जिसके पास संसद में कोई सीट नहीं है) ने हिंदू धार्मिक अदालतों को स्थापित करने का प्रयास किया है, जिन्हें हिंदुत्व अदालत के रूप में जाना जाता है, जिसका लक्ष्य दारुल क़ज़ा के समान, केवल बहुसंख्यक हिंदू समुदाय के लिए वैसी ही भूमिका निभाना है। इनमें से किसी भी अदालत को भारत सरकार द्वारा मान्यता नहीं दी गई है, और उनके आदेश को कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं माना जाता है।

बटवारें की विरासत को लेकर मुसलमान और हिंदू का असमर्थन

वर्ष 1947 में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के अंत में उपमहाद्वीप का हिन्दू-बहुसंख्यक भारत और मुसलिम-बहुसंख्यक पाकिस्तान में विभाजन आधुनिक इतिहास में इस क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम संबंधों की प्रभावशाली घटना थी। दर्ज हुए इतिहास में यह विभाजन सरहद के पार लोगों का सबसे बड़ा विस्थापन रहा है, और दोनों ही देशों में सरहदें खिंचने के साथ हिंसा, दंगे और लूट-पाट हुई।

सात दशकों के बाद, भारतीय मुस्लिमों के बीच प्रबल मत है कि उपमहाद्वीप का विभाजन हिन्दू-मुस्लिम संबंधों के लिए "एक बुरी घटना" थी। लगभग आधे मुस्लिम (48%) मानते हैं कि इससे हिन्दुओं के साथ संबंधों को चोट पहुंची, जबकि इसकी तुलना में बहुत कम (30%) लोगों का कहना है कि हिन्दू-मुस्लिम संबंधों के लिए यह अच्छा रहा। मुस्लिमों में ऐसे लोग जो ज्यादा धार्मिक पृथकता चाहते हैं अर्थात वे, जो यह कहते हैं कि वे किसी अन्य धर्म के व्यक्ति को पड़ोसी के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे - उनसे भी अधिक मुस्लिम (60%) मानते हैं कि विभाजन हिन्दू-मुस्लिम संबंधों के लिए एक बुरी घटना था।

भारत में हिन्दुओं से अधिक मुसलमान उपमहाद्वीप के बंटवारे को साप्रदायिक संबंधों के लिए बुरी बात के रूप में देखते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि भारत और पाकिस्तान का बंटवारा हिंदू-मुस्लिम संबंधों के लिए ___ थी



ध्यान दें: "कोई भी नहीं /निर्भर करता है/पता नहीं/इंकार" का संकेत करता है कि उत्तरदाताओं जिन्होंने उत्तर दिया, " न ही अच्छा और न ही बुरा," "निर्भर करता है", "पता नहीं है" या सवाल का जवाब देने से इंकार कर दिया। नज़दीकी पूर्णांक तक ले जाने के कारण आंकड़े 100% का योग नहीं भी दिखा सकते हैं
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

सिक्ख जिनका पंजाब का गृहक्षेत्र दो हिस्सों में विभाजन हुआ था, वे मुस्लिमों की तुलना में ज्यादा मानते हैं कि विभाजन हिन्दू-मुस्लिम संबंधों के लिए एक बुरी घटना थी: दो-तिहाई सिक्ख (66%) ऐसा ही मानते हैं। 60 बरस के आयु वर्ग और इससे बुजुर्ग सिक्ख जिनके माता-पिता ने विभाजन देखा, वे युवा सिक्खों की तुलना में ज्यादा मुखर होते हैं यह कहने में कि देश का विभाजन सांप्रदायिक संबंधों के लिए बुरा था (74% बनाम 64%)।

जबकि सिक्खों और मुसलमानों के यह कहने की संभावना अधिक है कि विभाजन एक अच्छी बात की तुलना में एक बुरी चीज था, हिंदू विपरीत दिशा में झुकते हैं: 43% हिन्दुओं का कहना है कि विभाजन हिंदू-मुस्लिम संबंधों के लिए फायदेमंद था, जबकि 37% लोग इसे बुरी चीज के रूप में देखते हैं।

ये 29,999 भारतीय वयस्कों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यक्ष किए गए PEW रिसर्च सेंटर के सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्षों में से कुछ हैं। 17 नवंबर, 2019 और 23 मार्च, 2020 के बीच स्थानीय साक्षात्कारकर्ताओं ने 17 भाषाओं में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में मणिपुर और सिक्किम के अपवादों के साथ भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया, जहां तेजी से विकसित हो रही COVID-19 स्थिति ने वर्ष 2020 के वसंत के मौसम में फील्डवर्क को शुरू करने से रोक दिया और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के दूर-दराज के प्रदेश; ये क्षेत्र लगभग 1% भारतीय आबादी का घर हैं। जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश को सर्वेक्षण में शामिल किया गया, हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर क्षेत्र में कोई फील्डवर्क नहीं किया गया।

Pew चैरिटेबल ट्रस्ट और जॉन टेम्पलटन फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित यह अध्ययन धार्मिक बदलाव और दुनिया भर के समाजों पर इसके प्रभाव को समझने के लिए Pew रिसर्च सेंटर के एक बड़े प्रयास का हिस्सा है। इस केंद्र ने पहले उप-सहारा अफ्रीका; मध्य पूर्व-उत्तर अफ्रीका क्षेत्र और मुस्लिम बहुल आबादी वाले कई अन्य देशों; लातिन अमरीका; इजराइल; मध्य और पूर्व यूरोप; पश्चिमी यूरोप और संयुक्त राज्य अमरीका ने पूर्व में धर्म-केंद्रित सर्वेक्षण किया है।

इस अवलोकन के बाकी पांच व्यापक विषयों पर दृष्टिकोण शामिल हैं: जाति और भेदभाव; धर्म परिवर्तन; धार्मिक पर्यवेक्षण और विश्वास; कैसे लोग अपनी धार्मिक पहचान के पालन को परिभाषित करते हैं, जिसमें किस तरह का व्यवहार हिंदू या मुस्लिम होने के लिए स्वीकार्य है; और आर्थिक विकास और धार्मिक गतिविधियों के पालन के बीच संबंध भी शामिल है।

सर्वेक्षण के लिए संदर्भ

2019 के राष्ट्रीय संसदीय चुनावों के समापन के बाद और भारतीय संविधान के तहत जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति के खत्म होने के बाद साक्षात्कार आयोजित किए गए थे। दिसंबर 2019 में, देश के नए नागरिकता कानून का कई क्षेत्रों में विरोध हुआ।

सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर घाटी और अन्य कुछ जिलों में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। इन स्थानों में कुछ सघन मुस्लिम बहुल क्षेत्र शामिल हैं जो कुल सैंपल सर्वेक्षण का 11% होने का कारण है, जबकि 2011 की पिछली जनगणना जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है, के अनुसार भारत के व्यस्कों की जनसंख्या में मोटे तौर पर 13% मुस्लिम हैं। इसके अलावा, यह संभव है कि देश के कुछ अन्य हिस्सों में नये नागरिकता कानून पर अंतरधार्मिक तनाव ने संभावित मुस्लिम उत्तरदाताओं को सर्वेक्षण में भागीदारी के लिए थोड़ा सा हतोत्साहित किया हो।

फिर भी, सर्वेक्षण में धार्मिक विश्वासों, व्यवहारों और दृष्टिकोणों के अनुमानों को भारत की कुल आबादी के लिए उच्च स्तरीय विश्वास के साथ रिपोर्ट किया जा सकता है, क्योंकि छूट गए क्षेत्रों (मणिपुर, सिक्किम, कश्मीर घाटी और कुछ अन्य जिले) में रहने वाले लोगों की संख्या राष्ट्रीय स्तर पर समग्र परिणामों को प्रभावित करने के लिए इतनी बड़ी नहीं है। भारत की कुल आबादी के लगभग 98% के पास इस सर्वेक्षण के लिए चुने जाने का मौका था।

एक अलग आबादी के रूप में भारत के मुसलमानों को पृथक देखते हुए सावधानी बरती जाती है। इस सर्वेक्षण में कश्मीरी मुसलमानों के अनुभवों और विचारों पर बात नहीं की जा सकती। फिर भी, सर्वेक्षण 95% भारत की कुल मुस्लिम आबादी का विश्वास, व्यवहार और दृष्टिकोण प्रतिनिधित्व करता है।

भारतीय समाज में जाति एक विभाजन रेखा है, और यह सिर्फ हिंदुओं में ही नहीं है

भारतीय समाज में धर्म ही एकमात्र विभाजन रेखा नहीं है। देश के कुछ क्षेत्रों में, लोगों का महत्वपूर्ण हिस्सा व्यापक जाति-आधारित भेदभाव का अनुभव करता है।

जाति व्यवस्था व्यवसाय और आर्थिक स्थिति पर आधारित एक प्राचीन सामाजिक पदानुक्रम है। लोग एक विशेष जाति में पैदा होते हैं और अपने सामाजिक जीवन के कई पहलुओं में इसकी सीमाओं में रहते हैं, जिनमें उनका विवाह करना भी शामिल है। भले ही सिस्टम की उत्पत्ति ऐतिहासिक हिंदू लेखन में हो, लेकिन आज लगभग एकमत से भारतीय एक जाति से पहचाने जाते हैं, भले ही वे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिक्ख, बौद्ध या जैन हों।

कुल मिलाकर, अधिकांश भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे अनुसूचित जाति (SC) - जिन्हें अक्सर दलित (25%) कहा जाता है - अनुसूचित जनजाति (ST) (9%) या अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) (35%) के सदस्य

ज्यादातर भारतीय कहते हैं कि वे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग से हैं

% भारतीय वयस्क जो ... से अपनी पहचान जोड़ते हैं



ध्यान दें: किसी भी धर्म के प्रतिवादियों से पूछा गया कि, "क्या आप किसी सामान्य श्रेणी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या कोई अन्य पिछड़े वर्ग से हैं?" इसके मद्देनज़र, 2011 में भारत की जनगणना में केवल हिन्दू, सिक्ख और बौद्ध धर्म के लोगों को ही अनुसूचित जाति में रखा गया, जब अनुसूचित जनजाति में सभी घर्म के लोगों को सम्मिलित किया गया। सामान्य वर्ग और अन्य पिछड़े वर्ग को जनगणना में नहीं रखा गया। अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) में उन लोगों का एक छोटा हिस्सा शामिल है जो कहते हैं कि वे अति पिछड़ा वर्ग (MBC) से संबंधित हैं। पता नहीं/इंकार किया जवाब नहीं दिखाए गए हैं।

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। "भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

हैं।[2] भारत में बौद्ध लगभग सार्वभौमिक रूप से इन श्रेणियों से खुद को पहचानते हैं, जिसमें 89% दलित (कभी-कभी "अछूत" शब्द से संदर्भित) शामिल हैं।

SC/ST/OBC समूहों के सदस्यों ने पारंपरिक रूप से भारतीय समाज के निचले सामाजिक और आर्थिक स्तरों का गठन किया, और ऐतिहासिक रूप से उन्हें भेदभाव और असमान आर्थिक अवसरों का सामना करना पड़ा है। भारत में छुआछूत की प्रथा इन समुदायों, विशेषकर दलितों में से कई सदस्यों को समाज से बहिष्कृत करती है, हालांकि भारतीय संविधान छुआछूत सहित जाति-आधारित भेदभाव को निषेध करता है, और हाल के दशकों में सरकार ने आर्थिक उन्नति की नीतियों जैसे दलितों, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा जातियों के लिए विश्वविद्यालयों और सरकारी नौकरियों में सीटों का आरक्षण को लागू किया है।

लगभग 30% भारतीय इन संरक्षित समूहों से संबंधित नहीं हैं और इन्हें "सामान्य वर्ग" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसमें उच्च जाति जैसे ब्राह्मण (4%), पारंपरिक रूप से पुरोहित जाति शामिल हैं। वास्तव में, प्रत्येक व्यापक श्रेणी में कई उपजातियां - कभी-कभी सैकड़ों - अपने स्वयं के सामाजिक और आर्थिक पदानुक्रमों में, शामिल हैं।

तीन-चौथाई जैन (76%) सामान्य श्रेणी की जातियों से पहचाने जाते हैं, जबकि मुस्लिम और सिक्ख दोनों 46% सामान्य श्रेणी की जातियों से पहचाने जाते हैं।

[2] किसी भी धर्म के प्रतिवादियों से पूछा गया कि, "क्या आप किसी सामान्य श्रेणी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या कोई अन्य पिछड़े वर्ग से हैं? इसके मद्देनज़र, 2011 में भारत की जनगणना में केवल हिन्दू, सिक्ख और बौद्ध धर्म के लोगों को ही अनुसूचित जाति में रखा गया, जब अनुसूचित जनजाति में सभी धर्म के लोगों को सम्मिलित किया गया। सामान्य वर्ग और अन्य पिछड़े वर्ग को जनगणना में नहीं रखा गया।

जाति-आधारित भेदभाव, साथ ही पिछले भेदभाव की भरपाई के लिए सरकार के प्रयास, भारत में राजनीतिक रूप से आरोपित विषय हैं। लेकिन सर्वेक्षण में पाया गया है कि अधिकांश भारतीय व्यापक जाति-आधारित भेदभाव का अनुभव नहीं करते हैं। सिर्फ पांच में से एक भारतीय का कहना है कि SC सदस्यों के साथ बहुत भेदभाव होता है, जबकि 19% का कहना है कि ST सदस्यों से बहुत भेदभाव होता है और कुछ लोग (16%) OBC के खिलाफ अधिक भेदभाव देखते हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्य अपने समूहों के खिलाफ अन्य की तुलना में ज्यादा भेदभाव झेलते देखते हैं। फिर भी, इन श्रेणियों के लोगों के बड़े बहुमत को *नहीं* लगता कि वे बहुत अधिक भेदभाव का सामना करते हैं।

भारत में कुछ ही लोग व्यापक जातिगत भेदभाव देखते हैं; क्षेत्र के अनुसार धारणाएं बदलती हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि इस समय भारत में ____ के प्रति बहुत ज्यादा भेदभाव है



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

यद्यपि, ये दृष्टिकोण क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होते हैं। उदाहरण के लिए, देश के मध्य भाग के 13% की तुलना में 30% दक्षिण भारतीय दलितों के साथ अधिक भेदभाव देखते हैं। और दक्षिण में दलित समुदाय के बीच, और भी अधिक (43%) का कहना है कि उनके समुदाय को बहुत अधिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जबकि दक्षिण भारतीयों के सामान्य वर्ग 27% लोगों का कहना है कि भारत में दलित समुदाय व्यापक भेदभाव का सामना करता है।

देश के किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में दक्षिण और पूर्वोत्तर में दलितों के एक बड़े हिस्से को, व्यक्तिगत रूप से, पिछले 12 महीनों में अपनी जाति के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा है। दक्षिण में 30% दलितों और पूर्वोत्तर में 38% दलितों का यही कहना है।

दक्षिण और पूर्वोत्तर में, कई दलितों का कहना है कि उन्हें जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा है

अनुसूचित जाति (दलित) के सदस्यों में से, % लोग जो कहते है कि पिछले 12 महीनों में व्यक्तिगत रूप से, उन्हें अपनी जाति के कारण भेदभाव का सामना करना पड़ा है



ध्यान दें: सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर घाटी में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। COVID-19 के प्रकोप के कारण मणिपुर या सिक्किम में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। सर्वेक्षण में शामिल करने के लिए चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव या लद्दाख के किसी भी स्थान का चयन नहीं किया गया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में फील्डवर्क नहीं किया गया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

हालाँकि जातिगत भेदभाव को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक नहीं माना जाता है, लेकिन भारतीय समाज में जाति एक प्रभावी कारक है। अन्य जातियों के अधिकांश भारतीयों का कहना है कि वे पड़ोसी (72%) के रूप में अनुसूचित जाति के किसी व्यक्ति से संबंध रखने को तैयार होंगे। लेकिन कुल मिलाकर भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा (70%) यह कहता है कि उनके अधिकांश या सभी करीबी दोस्त अपनी ही जाति के होते हैं। और भारतीय जातिगत सीमाओं के विवाहों पर आपत्ति जताते हैं, उसी तरह जैसे वे धार्मिक अन्तर्विवाह पर आपत्ति जताते हैं।[3]

कुल मिलाकर, 64% भारतीयों का कहना है कि उनके समुदाय की महिलाओं को दूसरी जातियों में शादी करने से रोकना *बहुत* ज़रूरी है, और लगभग उतने ही लोगों (62%) का यह कहना है कि उनके समुदाय में पुरुषों को दूसरी जातियों में शादी करने से रोकना बहुत ज़रूरी है। ये आंकड़े अलग-अलग जातियों के सदस्यों में मामूली रूप से भिन्न हैं। उदाहरण के लिए, लगभग उतने ही दलितों और सामान्य श्रेणी की जातियों के सदस्यों का कहना है कि अंतर-जातीय विवाह रोकना बहुत महत्वपूर्ण है।

अधिकांश हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख और जैन पुरुष और महिला दोनों के अंतर्जातीय विवाह को रोकना एक उच्च प्राथमिकता मानते हैं। तुलनात्मक रूप से, बहुत कम बौद्ध और ईसाई कहते हैं कि इस तरह की शादियों को रोकना बहुत महत्वपूर्ण है - हालांकि दोनों समूहों की अधिकांश आबादी के लोगों को उनकी जाति से बाहर शादी करने से रोकने को लगभग "कुछ हद तक" महत्वपूर्ण मानती हैं।

भारत के दक्षिण और उत्तर-पूर्व में सर्वेक्षण किए गए लोग अपने समुदायों में जातिगत भेदभाव को अधिक देखते हैं, और वे समग्र भारतीयों की तुलना में अंतर-जातीय विवाह पर कम आपत्ति करते हैं। इसी बीच, कम शिक्षित लोगों की तुलना में कॉलेज में पढ़े-लिखे भारतीयों की कमतर संख्या अंतर-जातीय विवाह को रोकने को उच्च प्राथमिकता मानती है। लेकिन, यहां तक कि सबसे उच्च शिक्षित समूह के लगभग आधे लोगों का कहना है कि ऐसी शादियों को रोकना बहुत महत्वपूर्ण है। (जाति पर भारतीयों के विचारों के अधिक विश्लेषण के लिए अध्याय 4 देखें।)

ज्यादातर भारतीय कहते हैं कि लोगों को अपनी जाति से बाहर शादी करने से रोकना बहुत जरूरी है

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि उनके समुदाय में ____ को दूसरी जाति में शादी करने से रोकना बहुत महत्वपूर्ण है

	पुरुष	महिला
सामान्य जनसंख्या	62%	64%
सामान्य श्रेणी	59	61
अनुसूचित जाति	59	60
अनुसूचित जनजाति	66	68
अन्य/अति पिछड़ा वर्ग	67	69
हिन्दू	63	64
मुसलमान	70	74
ईसाई	36	37
सिक्ख	59	58
बौद्ध	44	44
जैन	57	61
उत्तर	71	72
मध्य	82	83
पूर्व	62	64
पश्चिम	66	67
दक्षिण	35	37
उत्तर-पूर्व	49	51
कोई औपचारिक शिक्षा नहीं	69	71
प्राथमिक से माध्यमिक	60	62
कॉलेज स्नातक	48	50

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"
PEW रिसर्च सेंटर

[3]सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (CSDS) द्वारा 2004 और 2009 के राष्ट्रीय चुनाव अध्ययनों के अनुसार, लगभग आधे भारतीय या इससे अधिक ने कहा कि विभिन्न जातियों के लड़के और लड़कियों के विवाह पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। 2004 में, एक बहुमत ने भी विभिन्न धर्मों के लोगों के बारे में ऐसा कहा।

भारत में धर्म परिवर्तन (धर्मान्तरण)

हाल के वर्षों में, गैर-धर्मान्तरण वाले हिंदू धर्म से दूर निचली जातियों (दलितों सहित) से संबंधित लोगों का धर्मान्तरण वाले धर्मों में, विशेष रूप से ईसाई धर्म में धर्मान्तरण, भारत में एक विवादास्पद राजनीतिक मुद्दा रहा है। 2021 की शुरुआत में, नौ राज्यों ने धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाए हैं , और पिछले कुछ सर्वेक्षणों से पता चला है कि आधे भारतीय धार्मिक धर्मांतरण पर कानूनी प्रतिबंध का समर्थन करते हैं।[4]

हालांकि, यह सर्वेक्षण बताता है कि धर्मांतरण का भारत के धार्मिक समूहों के समग्र आकार पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए, सर्वेक्षण के अनुसार, 82% भारतीयों का कहना है कि वे हिन्दू धर्म में पले-बढ़े थे, और लगभग उतने ही हिस्से का कहना है कि वे वर्तमान में हिंदू हैं। सर्वेक्षण अन्य धर्मों में धर्मांतरण के माध्यम से समूह के लिए कोई शुद्ध हानि नहीं दिखा रहा है। अन्य समूह उतने ही स्तर की स्थिरता प्रदर्शित करते हैं।

समय के साथ भारत के धार्मिक परिदृश्य में परिवर्तन बड़े पैमाने पर धार्मिक समूहों के बीच प्रजनन दर में अंतर का परिणाम है, धर्मांतरण का नहीं।

उत्तरदाताओं से धर्मांतरण को मापने के लिए दो अलग-अलग प्रश्न पूछे गए थे: "आपका वर्तमान धर्म क्या है, यदि कोई हो तो?" और, बाद में सर्वेक्षण में, "अब, अपने बचपन के बारे में सोचते हुए बताएं, आपका पालन-पोषण किस धर्म में हुआ था? क्या आपका पालन-पोषण हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन, किसी अन्य धर्म में हुआ है या किसी भी धर्म के तहत नहीं?" कुल मिलाकर, 98% उत्तरदाता इन दोनों प्रश्नों का एक ही उत्तर देते हैं।

धर्मान्तरण के कारण धार्मिक समूह आकार में बहुत कम परिवर्तन दिखाते हैं

% भारतीय वयस्क जो ...

	पले-बढ़े थे	वर्तमान में
हिन्दू	81.6%	81.7%
मुसलमान	11.2	11.2
ईसाई	2.3	2.6
सिक्ख	2.3	2.3
बौद्ध	1.7	1.7
जैन	0.3	0.2
अन्य धर्म	0.5	0.2
कोई धर्म नहीं	0.1	0.0

ध्यान दें: उत्तरदाताओं की छोटी संख्या जिन्होने अपना वर्तमान या बचपन का धर्म नहीं बताया था, उन्हें "अन्य धर्मों" की श्रेणी में शामिल किया गया है। आंकड़े भारत की धार्मिक संरचना के बदलावों को पकड़ने के लिए एक दशमलव स्थान दिखाते हैं। सर्वेक्षण की धार्मिक संरचना और जनगणना के बीच में थोड़ा अंतर सर्वेक्षण से कश्मीर घाटी और कुछ अन्य क्षेत्रों के बहिष्करण के कारण हो सकता है।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

[4]2004 और 2009 के राष्ट्रीय चुनाव अध्ययन (CSDS द्वारा आयोजित) दोनों में, लगभग आधे भारतीयों ने कहा कि "धर्मांतरण पर कानूनी प्रतिबंध होना चाहिए।"

धार्मिक समूहों की हिस्सेदारी में स्थिरता का एक समग्र पैटर्न के साथ अधिकांश धार्मिक समूहों में अंदर या बाहर अदला-बदली से बहुत कम शुद्ध लाभ होते हैं। उदाहरण के लिए, हिंदुओं में, समूह से बाहर किसी धर्मांतरण को समूह में होने वाले धर्मांतरण से मिलान किया जाता है: 0.7% उत्तरदाताओं का कहना है कि वे हिंदू धर्म में पले-बढ़े थे, लेकिन अब कोई और धार्मिक पहचान रखते हैं, और यद्यपि हिंदू ग्रंथ और परंपराएं धर्म में धर्मांतरण की किसी भी औपचारिक प्रक्रिया पर सहमत नहीं हैं, लगभग उतने ही लोगों (0.8%) का कहना है कि वे हिंदू धर्म में पले-बढ़े *नहीं* थे लेकिन अब हिंदू के रूप में पहचाने जाते हैं।[5] हिंदू धर्म के इन नए अनुयायियों में से अधिकांश हिंदुओं से शादीशुदा हैं।

इसी तरह, 0.3% उत्तरदाताओं ने बचपन से इस्लाम छोड़ दिया है, उतने ही हिस्सेदारी के लोगों का कहना है कि वे अन्य धर्मों में पले-बढ़े थे (या उनका कोई बचपन का धर्म नहीं था) और तब से मुस्लिम बन गए हैं।

हालाँकि, ईसाइयों के लिए, धर्मांतरण से कुछ शुद्ध लाभ हैं: सर्वेक्षण के 0.4% उत्तरदाता पूर्व हिंदू हैं जो अब ईसाई के रूप में पहचाने जाते हैं, जबकि 0.1% पूर्व ईसाई हैं।

धार्मिक अदला-बदली के माध्यम से हिंदू जितने लोगों को खोते हैं उतने ही वापस पाते हैं

% भारतीय वयस्क जो ...

	किसी और रूप में पले-बढ़े हों लेकिन अब ___ के रूप में पहचाने जाते हैं (अर्थात, प्रवेश)	पले-बढ़े ___ लेकिन अब किसी और के रूप में पहचान है (अर्थात, छोड़ने वाले)
हिन्दू	0.8%	0.7%
मुसलमान	0.3	0.3
ईसाई	0.4	0.1
सिक्ख	0.1	0.1
बौद्ध	0.1	0.1
जैन	0.0	0.1
अन्य	0.0	0.3
कोई धर्म नहीं	0.0	0.1

ध्यान दें: आंकड़े भारत की धार्मिक संरचना के बदलावों को पकड़ने के लिए एक दशमलव स्थान दिखाते हैं। "हिंदू प्रवेश" में उत्तरदाताओं का एक छोटा सा भाग शामिल है (0.2%), जिन्होंने अपने बचपन के धर्म के बारे में पूछने पर अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी जैसे या तो "कुछ अन्य धर्म" या "नहीं जानते," लेकिन वर्तमान में हिंदू की पहचान रखते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

[5] इसमें वे सभी 0.2% भारतीय वयस्क शामिल हैं, जो अब हिंदू के रूप में पहचाने जाते हैं, लेकिन इस पर एक अस्पष्ट प्रतिक्रिया देते हैं कि वे कैसे पले-बढ़े थे - या तो कहते हैं "कोई अन्य धर्म" या कहते हैं कि वे अपने बचपन के धर्म को नहीं जानते हैं।

ईसाई धर्म में धर्मांतरित होने वाले भारत के तीन-चौथाई हिंदू (74%) देश के दक्षिणी भाग में केंद्रित है - जो कि सबसे बड़ी ईसाई आबादी वाला क्षेत्र है। परिणामस्वरूप, दक्षिण की ईसाई आबादी में सर्वेक्षण उत्तरदाताओं के जीवनकाल में थोड़ी वृद्धि दिखाता है: 6% दक्षिण भारतीयों का कहना है कि वे ईसाई धर्म में पले बढ़े थे, जबकि 7% कहते हैं कि वे वर्तमान में ईसाई हैं।

कुछ धर्मान्तरित ईसाई (16%) पूर्व में भी रहते हैं (बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के राज्य); पूर्व में कुल ईसाइयों का लगभग दो-तिहाई (64%) अनुसूचित जनजाति हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर, पूर्व में हिंदुओं का विशाल समूह जो अब ईसाई हैं, अनुसूचित जाति (48%), अनुसूचित

भारत में ईसाई धर्म में धर्मान्तरित हिन्दूओं की विशाल संख्या दक्षिण में बसी है।



ध्यान दें: सुरक्षा संबंधी कारणों से कश्मीर घाटी में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। COVID-19 के प्रकोप के कारण मणिपुर या सिक्किम में फील्डवर्क नहीं किया जा सका। सर्वेक्षण में शामिल करने के लिए चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव या लद्दाख के किसी भी स्थान का चयन नहीं किया गया। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह या लक्षद्वीप में फील्डवर्क नहीं किया गया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

जनजाति (14%) या अन्य पिछड़ा वर्ग (26%) से संबंधित हैं। और कुल भारतीय आबादी की तुलना में पूर्व के हिंदुओं की संख्या अधिक है, जो ऐसा मानती हैं कि भारत में निचली जातियों के खिलाफ बहुत भेदभाव है। उदाहरण के लिए, कुल जनसंख्या का 20% जो अनुसूचित जाति के खिलाफ भेदभाव को मानती है, की तुलना में ईसाई धर्म में धर्मान्तरित लगभग आधे लोगों (47%) का कहना है कि भारत में अनुसूचित जातियों

के खिलाफ बहुत अधिक भेदभाव है। फिर भी, धर्मान्तरित लोगों में से कुछ का कहना है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पिछले 12 महीनों में अपनी जाति के कारण भेदभाव का सामना किया है (12%)।

भारत के धार्मिक समूहों में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है

हालांकि उनकी विशिष्ट प्रथाएं और मान्यताएं भिन्न हो सकती हैं, भारत के सभी मुख्य धार्मिक समुदाय के लोग बहुत अधिक धर्मनिष्ठ होते हैं। उदाहरण के लिए, सभी प्रमुख धर्मों में भारतीयों के विशाल बहुमत का कहना है कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है। और प्रत्येक प्रमुख धर्म के अनुयायियों के कम से कम तीन-चौथाई लोगों का कहना है कि वे अपने स्वयं के धर्म और इसकी प्रथाओं के बारे में बहुत कुछ जानते हैं। उदाहरण के लिए, 81% भारतीय बौद्ध, बौद्ध धर्म और इसकी प्रथाओं के बारे में बहुत कुछ जानने का दावा करते हैं।

अधिकांश भारतीयों का अपने धर्म से गहरा संबंध है

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे ...



ध्यान दें: उत्तरदाताओं से पूछा गया, "आप [हिंदू / मुस्लिम / आदि] धर्म और उसकी प्रथाओं के बारे में कितना जानते हैं?" इस प्रश्न के लिए सामान्य जनसंख्या और क्षेत्रीय आंकड़ों में उन लोगों को शामिल नहीं किया गया है जो इस तालिका में सूचीबद्ध छह धर्मों में से एक से पहचान नहीं करते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

हिन्दुओं की तुलना में थोड़े ज्यादा भारतीय मुसलमान अपने जीवन में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं (91% बनाम 84%)। मुसलमानों में हिंदुओं की तुलना में अधिक संभावना है कि वे अपने स्वयं के धर्म के बारे में बहुत कुछ जानते हैं (84% बनाम 75%)।

प्रत्येक धार्मिक समूह का बहुत बड़ा भाग रोज़ प्रार्थना करता है, जिसमें से ईसाईयों में ऐसा करने की सबसे अधिक संख्या है (77%) - फिर भी छह समूहों में से ईसाईयों की कम संख्या है जो कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म (76%) बहुत महत्वपूर्ण है। अधिकांश हिंदू और जैन भी रोजाना प्रार्थना करते हैं (क्रमशः 59%

और 73%), और कहते हैं कि वे रोजाना पूजा (57% और 81%), या तो घर में या किसी मंदिर में करते हैं।

आम तौर पर, युवा और बुजुर्ग भारतीय, विभिन्न शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले, और पुरुष और महिलाएं धर्म पालन के स्तर में एक समान हैं। दक्षिण भारतीय (69%) अपने जीवन में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण कहने की सबसे कम संभावना रखते हैं, और दक्षिण एकमात्र क्षेत्र है, जहाँ आधे से भी कम लोग प्रतिदिन प्रार्थना करते हैं (37%)। जबकि दक्षिण में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई सभी भारत में कहीं भी अपने समकक्षों की तुलना में यह कहने की बहुत कम संभावना है कि उनके लिए धर्म बहुत महत्वपूर्ण है, दक्षिण में प्रार्थना की कम दर मुख्य रूप से हिंदुओं द्वारा संचालित है: दस में से तीन दक्षिणी हिंदुओं की रिपोर्ट है कि वे दैनिक (30%) प्रार्थना करते हैं, देश के बाकी हिस्सों में हिंदुओं की लगभग दो-तिहाई (68%) की तुलना में।

सर्वेक्षण में जीवन के तीन संस्कारों के बारे में भी पूछा गया: जन्म (या शैशव अवस्था), विवाह और मृत्यु के लिए धार्मिक समारोह। भारत के सभी प्रमुख धार्मिक समुदायों के सदस्य इन संस्कारों को अत्यधिक महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, मुसलमानों की विशाल संख्या (92%), ईसाई (86%) और हिंदू (85%) कहते हैं कि अपने प्रियजनों के लिए धार्मिक रूप से दफ़नाने की प्रक्रिया करना या दाह संस्कार करना बहुत महत्वपूर्ण है।

भारतीयों का कहना है कि जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को धार्मिक समारोहों द्वारा चिह्नित किया जाना चाहिए

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि ... बहुत महत्वपूर्ण है



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

सर्वेक्षण में विशेष धर्मों के लिए विशिष्ट प्रथाओं के बारे में भी पूछा गया, जैसे कि लोगों ने पवित्र जल में स्नान करके शुद्धि प्राप्त की है, जैसे कि गंगा नदी, यह रिवाज़ हिंदू धर्म के साथ सालों से जुड़ा हुआ है। लगभग दो-तिहाई हिंदुओं (65%) ने ऐसा किया है। अधिकांश हिंदू (72%) और जैन (62%) भी अपने घरों में पवित्र तुलसी रखते हैं। और लगभग तीन-चौथाई सिक्ख अपने बालों को लंबे (76%) रखने की सिक्ख प्रथा का पालन करते हैं।

भारत के धार्मिक समूहों में धार्मिक प्रथाओं पर अधिक जानकारी के लिए, अध्याय 7 देखें।

ईश्वर में लगभग सार्वभौमिक विश्वास, लेकिन ईश्वर को कैसे माना जाए, इसमें व्यापक अंतर है

लगभग सभी भारतीय कहते हैं कि वे भगवान में विश्वास करते हैं (97%), और अधिकांश धार्मिक समूहों के लगभग 80% लोग मानते हैं कि वे बिल्कुल निश्चिंत हैं कि भगवान मौजूद हैं। मुख्य अपवाद बौद्ध हैं, जिनमें से एक तिहाई कहते हैं कि वे भगवान में विश्वास नहीं करते हैं। फिर भी, बौद्धों के अनुसार जो सोचते हैं कि एक ईश्वर है, अधिकांश का मानना है कि वे इस विश्वास पर पूरी तरह निश्चित हैं।

एक-तिहाई भारतीय बौद्ध भगवान को नहीं मानते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे ...



ध्यान दें: पता नहीं/इंकार किया जवाब नहीं दिखाए गए हैं। नज़दीकी पूर्णांक तक ले जाने के कारण आंकड़े प्रदर्शित कुल-योग के बराबर नहीं भी हो सकते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

जबकि भारत में ईश्वर के प्रति विश्वास सार्वभौमिक होने के करीब है, सर्वेक्षण में देव या देवताओं के प्रकारों के बारे में विचारों की एक विस्तृत श्रंखला का पता चलता है, जिन पर भारतीय विश्वास करते हैं। प्रचलित दृष्टिकोण यह है कि भगवान एक है, "रूप अनेक हैं" (54%)। लेकिन लगभग एक तिहाई जनता कहती है: "ईश्वर एक ही है" (35%)। बहुत ही कम लोग कहते हैं कि ईश्वर अनेक (6%) हैं।

यद्यपि, हिंदू धर्म को कभी-कभी बहुदेववादी धर्म के रूप में संदर्भित किया जाता है, बहुत कम हिंदू (7%) इस स्थिति को स्वीकारते हैं कि देवता अनेक हैं। इसके बजाय, हिंदुओं (और जैनों में) में सबसे आम स्थिति यह है कि "केवल एक ही ईश्वर है जिसके कई रूप हैं" (हिंदुओं में 61% और जैनियों में 54%)।

भारत में, अधिकांश हिंदू और अन्य समूहों के कुछ लोगों का कहना है कि ईश्वर केवल एक है लेकिन रुप अनेक हैं

% भारतीय वयस्क जो ...



ध्यान दें: पता नहीं/इंकार किया जवाब नहीं दिखाए गए हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

इसके विपरीत, अधिकांश मुसलमानों, ईसाइयों और सिक्खों का कहना है कि केवल एक ही ईश्वर है। और बौद्धों का भी आम जवाब है कि उनका एक ईश्वर में विश्वास है। इन सभी समूहों में, हालांकि, लगभग पाँच में से एक या अधिक कहते हैं ईश्वर के कई रूप हैं, जो उनके हमवतन हिंदुओं की ईश्वर की अवधारणा के करीब है।

अधिकांश हिंदू कई देवताओं के करीब महसूस करते हैं, लेकिन शिव जी, हनुमान जी और गणेश जी सबसे लोकप्रिय देवता हैं

परंपरागत रूप से, कई हिंदुओं के एक "निजी ईश्वर" या *इष्ट देवता* हैं: कोई विशेष देवता या देवी माँ जिनके साथ वे एक निजी संबंध महसूस करते हैं। सर्वेक्षण में उन सभी भारतीय हिंदुओं जो कहते हैं कि वे भगवान में विश्वास करते हैं, उन्हें एक विकल्प के रूप में एक कार्ड पर देवताओं की 15 छवियां दिखाकर यह पूछा गया कि वे किस भगवान के सबसे करीब महसूस करते हैं - और अधिकांश हिंदुओं ने एक से अधिक भगवानों का चयन किया या संकेत दिया कि उनके कई निजी ईश्वर हैं (84%)।[6] यह न केवल हिंदुओं के बीच सच है, जो कहते हैं कि वे कई भगवानों (90%) या एक भगवान के कई रूपों (87%) में विश्वास करते हैं, बल्कि, उन लोगों में भी सच है जो कहते हैं कि भगवान केवल एक (82%) है।

हिंदू जिस देवता को सबसे करीब महसूस करते हैं, वे शिव जी हैं (44%)। इसके अलावा, लगभग एक-तिहाई हिंदू हनुमान जी या गणेश जी (क्रमशः 35% और 32%) के करीब महसूस करते हैं।

भारत के क्षेत्रों में हिन्दू किन देवताओं के साथ अपनापन महसूस करते हैं, इस बारे में अनेक भिन्नताएँ हैं। उदाहरण के लिए, भारत के पश्चिम में 46% हिंदू गणेश जी के करीब महसूस करते हैं, लेकिन पूर्वोत्तर में केवल 15% ही ऐसा महसूस करते हैं। और पूर्वोत्तर में 46% हिंदू कृष्ण जी के करीब महसूस करते हैं, जबकि दक्षिण में सिर्फ 14% ही ऐसा कहते हैं।

भगवान राम से निकटता की भावनाएं मध्य क्षेत्र (27%) में विशेष रूप से अधिक है, जिसमें हिंदुओं का दावा है कि उनकी प्राचीन जन्मभूमि, अयोध्या शामिल है। अयोध्या में वह स्थान जहां कई हिंदुओं का मानना है कि राम का जन्म हुआ था, विवाद का स्रोत रहा है: हिंदुओं की भीड़ ने 1992 में साइट पर एक मस्जिद को ध्वस्त कर दिया, यह दावा करते हुए कि एक हिंदू मंदिर मूल रूप से वहां मौजूद था। 2019 में, भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि ध्वस्त बाबरी ढाँचा एक गैर-इस्लामी संरचना के अवशेषों पर बनाया गया था और यह कि जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदुओं को दी जाए और मुस्लिमों को क्षेत्र में अन्य स्थान पर एक नई मस्जिद बनाने के लिए जमीन दी जाए। (ईश्वर में मान्यताओं पर अतिरिक्त खोज के लिए, अध्याय 12 देखें।)

[6]पंद्रह नामित देवता, चयन के लिए उपलब्ध थे, हालांकि साक्षातकर्ता ने देवताओं के नाम नहीं पढ़े। उत्तरदाता उन 15 देवताओं में से तीन का चयन करके उनका नामकरण कर सकते थे या कार्ड पर दिखाई गई तदनुरूप छवि का चयन कर सकते थे। कार्ड पर उत्तर विकल्प "अन्य कोई भगवान" उपलब्ध था या यदि किसी अन्य देवता का नाम उत्तरदाता द्वारा स्वेच्छा से दिया गया। अन्य संभावित उत्तर विकल्पों में शामिल हैं "मेरे ऐसे कोई भगवान नहीं है जो मुझे सबसे करीब लगे" और "मेरे कई निजी भगवान हैं," हालांकि कार्ड पर दोनों ही विकल्प नहीं थे। प्रस्तुत की गई देवताओं की पूरी सूची के लिए प्रश्नावली या टॉपलाइन देखें।

किसी भी अन्य देवता की तुलना में ज्यादातर हिंदू खुद को शिव जी के करीब मानते हैं

% भारतीय हिन्दू जो मानते हैं कि वे _____देवी/ देवताओं के सबसे करीब हैं।

	1. शिव जी	2. हनुमान जी	3. गणेश जी	4. लक्ष्मी जी	5. कृष्ण जी	6. काली माँ	7. भगवान राम
कुल हिन्दू	44%	35%	32%	28%	21%	20%	17%
उत्तर	41	43	41	27	28	20	20
मध्य	51	36	29	29	23	20	27
पूर्व	52	35	17	32	21	34	15
पश्चिम	30	35	46	29	21	10	12
दक्षिण	39	34	37	22	14	13	13
उत्तर-पूर्व	44	12	15	28	46	18	5

ध्यान दें: उत्तरदाता कार्ड पर या मौखिक रूप से छवियों के रूप में दिखाए गए तीन जवाबों तक का चयन कर सकते थे, इस प्रकार कुछ पंक्तियों का योग 100% से अधिक हो सकता है। यहां सूचीबद्ध सात ईश्वरों के अलावा, आठ अन्य ईश्वर चयन के लिए उपलब्ध थे, जिनमें "कोई अन्य ईश्वर," "नहीं, मेरा कोई ईश्वर नहीं है, जिसके मैं करीब महसूस करता हूं" या "मेरे कई निजी ईश्वर हैं।" आते हैं। पता नहीं/इंकार किया जवाब नहीं दिखाए गए हैं। विवरण के लिए प्रश्नावली और टॉपलाइन देखें।

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। विकिपीडिया की आम छवियाँ।

"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

साइडबार: ***तेजी से आर्थिक विकास होने के बावजूद, भारत की आबादी, अपने धर्म को खोने के कम ही संकेत दिखाती है***

सामाजिक विज्ञान का एक प्रमुख सिद्धांत यह परिकल्पना करता है कि जैसे-जैसे देश आर्थिक रूप से आगे बढ़ते जाते हैं, उनकी आबादी कम धार्मिक होती जाती है, अक्सर व्यापक सामाजिक परिवर्तन होने लगते हैं। "धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत" के रूप में जाना जाने वाला, यह विशेष रूप से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत से वर्तमान तक पश्चिमी यूरोपीय देशों के अनुभव को दर्शाता है।

तेजी से आर्थिक विकास होने के बावजूद,अभी भी भारत की आबादी, अपने धर्म को खोने के कम ही संकेत दिखाती है, यदि दिखाती है तो । मिसाल के तौर पर, भारतीय जनगणना और नए सर्वेक्षण लगभग दोनों में उन लोगों की सूक्ष्म हिस्सेदारी में कोई वृद्धि नहीं हुई है जो कोई धार्मिक पहचान न होने का दावा करते हैं। और धर्म भारतीयों के जीवन में उनकी सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रमुख है। आम तौर पर, देश भर में, शहरी और ग्रामीण निवासियों के बीच या कॉलेज में शिक्षित बनाम गैर शिक्षित लोगों के बीच व्यक्तिगत धर्म के पालन में बहुत कम अंतर है। इन सभी समूहों के बीच अत्यधिक लोगों का कहना है कि धर्म का उनके जीवन में बहुत महत्व है, और यह कि वे नियमित रूप से प्रार्थना करते हैं और वे भगवान में विश्वास करते हैं।

धर्म भारतीयों के जीवन में उनकी सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रमुख है

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे ...

	भगवान में विश्वास रखते हैं	रोजाना प्रार्थना करते हैं	अपने जीवन में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं
सामान्य जनसंख्या	97%	60%	84%
कोई औपचारिक शिक्षा नहीं	96	57	86
प्राथमिक से माध्यमिक	97	61	84
कॉलेज स्नातक	96	61	80
शहरी	96	60	81
ग्रामीण	97	60	86

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। "भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

लगभग सभी धार्मिक समूह एक ही प्रारूप दिखाते हैं। सबसे बड़ा अपवाद ईसाई हैं, जिनमें वो जो उच्च शिक्षा वाले हैं और जो शहरी क्षेत्रों में रहते हैं, कुछ हद तक निम्न स्तर का पालन दिखाते हैं। उदाहरण के लिए, वो ईसाई, जिनके पास कॉलेज की डिग्री है, 59% कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है इसकी तुलना में जिनकी शिक्षा कम है, 78% कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है।

सर्वेक्षण में उत्तरदाताओं के जीवनकाल के दौरान धर्म के कथित महत्व में थोड़ी गिरावट देखी गई है, हालांकि अधिकांश भारतीय संकेत देते हैं कि धर्म उनके जीवन के लिए प्रमुख है, और यह युवा और वयस्कों दोनों के बीच सच है।

लगभग दस में से नौ भारतीय वयस्कों का कहना है कि जब वे बड़े हो रहे थे तो धर्म उनके परिवार (88%) के लिए महत्वपूर्ण था, जबकि इससे थोड़े लोगों का कहना है कि अब धर्म (84%) उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। केवल भारत की बहुसंख्यक हिंदू आबादी को देखते हुए प्रारूप एकसमान है। भारत के मुसलमानों में, उसी हिस्से का कहना है कि उनके बड़े होने के समय परिवार के लिए धर्म बहुत महत्वपूर्ण था और अब उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है (प्रत्येक 91%)।

दक्षिणी भारत के राज्य (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना) उत्तरदाताओं के जीवन काल में धर्म के कथित महत्व में सबसे बड़ी गिरावट दर्शाते हैं: दक्षिण में रहने वाले 76% भारतीयों का कहना है कि उनके बड़े होने के समय परिवार के लिए धर्म बहुत महत्वपूर्ण था, तुलनात्मक रूप से 69% कहते हैं कि धर्म अब उनके लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस पैमाने से, धर्म के महत्व में थोड़ी सी गिरावट, देश के पश्चिमी भाग (गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र) और उत्तर में भी देखी गई है, हालांकि देश के सभी क्षेत्रों में अधिकांश का कहना है कि आज धर्म उनके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है।

काफी बड़ी संख्या का कहना है कि धर्म उनके बड़े होने के समय परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण था और धर्म अब भी व्यैक्तिगत रूप से उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि धर्म ...

	बड़े होने के समय परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण था	व्यक्तिगत रूप से अब उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है	अंतर
सामान्य जनसंख्या	88%	84%	***-3***
हिन्दू	88	84	***-4***
मुसलमान	91	91	*-1*
ईसाई	77	76	*-2*
सिक्ख	87	84	*-2*
बौद्ध	90	87	*-3*
जैन	92	89	*-4*
पुरुष	88	84	***-4***
महिला	88	85	***-3***
उम्र 18-24	87	82	***-5***
25-34	88	84	***-3***
35+	88	85	***-3***
स्नातक से कम	88	85	***-3***
कॉलेज स्नातक	86	80	***-6***
सामान्य श्रेणी	89	85	***-4***
निम्न जातियां	87	84	***-3***
उत्तर	90	86	***-3***
मध्य	93	92	*-1*
पूर्व	89	88	*-1*
पश्चिम	92	87	***-5***
दक्षिण	76	69	***-8***
उत्तर-पूर्व	86	86	*0*

ध्यान दें: निम्न जातियों में अनुसूचित जाति/जनजाति के साथ-साथ अन्य/अति पिछड़े वर्ग शामिल हैं। नज़दीकी पूर्णांक तक ले जाने से पहले अंतर की गणना की जाती है। सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण अंतर **बोल्ड** में संकेत किए गए हैं।

स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। "भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारत के धार्मिक समूहों के बीच, मान्यताओं, प्रथाओं, मूल्यों का व्यापक साझाकरण

धार्मिक अलगाव की प्रबल इच्छा के बावजूद, भारत के धार्मिक समूह देशभक्ति की भावनाओं, सांस्कृतिक मूल्यों और कुछ धार्मिक मान्यताओं को साझा करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत के धार्मिक समुदायों में अधिकांश का कहना है कि वे भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं, और अधिकतर इससे सहमत हैं कि भारतीय संस्कृति दूसरों से बेहतर है।

भारत में बड़ों का सम्मान करना एक प्रमुख साझा धार्मिक, राष्ट्रीय मूल्य है

*% भारतीय वयस्कों का कहना है कि उनके लिए बड़ों का सम्मान करना _____ होने का एक **बहुत** महत्वपूर्ण हिस्सा है*



ध्यान दें: धार्मिक पहचान बताने वाले लोगों से ही पूछा गया कि [हिंदू / मुस्लिम / आदि] होने के लिए बड़ों का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

इसी तरह, अलग-अलग धर्म के लोग बड़ों को सम्मान देने में विश्वास रखते हैं। उदाहरण के लिए, दस में से नौ या उससे अधिक हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध और जैन कहते हैं कि अपने धार्मिक समूह के सदस्य होने के नाते बड़ों का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है (जैसे, हिंदुओं के लिए, यह उनकी हिंदू पहचान का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है)। ईसाई और सिक्ख भी अत्यधिक प्रभावशाली तरीके से इस भावना को साझा करते हैं। और सभी छह समूहों, में सर्वेक्षण किए गए तीन-चौथाई या उससे अधिक लोगों का कहना है कि असली भारतीय होने के लिए बड़ों का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है।

सभी छह धार्मिक समूहों में, दस में से आठ या उससे अधिक का कहना है कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी धार्मिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सांस्कृतिक समानता से परे, बहुत से लोग कई धर्मों की परंपराओं को अपनी प्रथाओं में मिलाते हैं: पीढ़ियों से एक साथ रहने के परिणामस्वरूप, भारत के अल्पसंख्यक समूह अक्सर उन प्रथाओं में संलग्न हो जाते हैं जो

अपने स्वयं के मुकाबले हिंदू परंपराओं के अधिक निकट हैं। उदाहरण के लिए, भारत में कई मुस्लिम, सिक्ख और ईसाई महिलाओं का कहना है कि वे बिंदी लगाती हैं, भले ही बिंदी लगाना हिंदू मूल में है।

इसी तरह, कई लोग उन मान्यताओं को अपना लेते हैं जो पारंपरिक रूप से उनके विश्वास से जुड़े हुए नहीं हैं: भारत में मुसलमान हिन्दुओं की तरह ही कहते हैं कि वे कर्म (77% प्रत्येक) में विश्वास करते हैं, और 54% भारतीय ईसाई भी इस दृष्टिकोण को मानते हैं।[7] लगभग दस में से तीन मुसलमान और ईसाई कहते हैं कि वे पुनर्जन्म (क्रमशः 27% और 29%) में विश्वास करते हैं। हालांकि ये धार्मिक विरोधाभासों की तरह लग सकते हैं, कई भारतीयों के लिए, अपने आप को मुस्लिम या ईसाई कहना कर्म या पुनर्जन्म पर विश्वास करने से नहीं रोकता है - विश्वास जो इस्लाम या ईसाई धर्म में पारंपरिक, सैद्धांतिक आधार नहीं रखते हैं।

भारत में कुछ धार्मिक मान्यताओं, प्रथाओं को सभी धार्मिक समूहों में साझा किया गया है



ध्यान दें: NA संकेत करता है कि विश्लेषण के लिए पर्याप्त नमूना आकार उपलब्ध नहीं है।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

[7]कर्म की धार्मिक उत्पत्ति पर विद्वानों द्वारा बहस की जाती है, लेकिन इस अवधारणा की हिंदू धर्म, बौद्ध, सिक्ख और जैन धर्म में गहरी जड़ें हैं।

अधिकांश मुसलमानों और ईसाइयों का कहना है कि वे दीपावली नहीं मनाते है, रोशनी वाला भारतीय त्योहार जो परंपरागत रूप से हिंदुओं, सिक्खों, जैनियों और बौद्धों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन ईसाइयों (31%) और मुसलमानों (20%) के पर्याप्त अल्पसंख्यक बताते हैं कि वे *भी* दिवाली मनाते हैं। पश्चिम में दिवाली का जश्न मुसलमानों में विशेष रूप से आम बात है, जहां 39% कहते हैं कि वे उत्सव में भाग लेते हैं, और दक्षिण में (33%)।

इन सभी धर्मों के कुछ अनुयायी केवल ऐसे त्योहारों में शामिल नहीं होते जो वर्ष में एक बार पूरे देश में मनाए जाते हैं जैसे दिवाली, बल्कि बहुसंख्यक हिंदुओं के बहुत से अनुयायी मुस्लिम और ईसाई त्योहार भी मनाते हैं: 7% भारतीय हिंदू कहते हैं कि वे मुस्लिम त्योहार ईद मनाते हैं, और 17% क्रिसमस मनाते हैं।

कई धर्मों के भारतीय लोग दिवाली मनाते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि वे ... मनाते हैं ...



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारत में धार्मिक पहचान: इस बात पर हिन्दुओं में मतभेद है कि हिन्दू होने के लिए भगवान में विश्वास करना जरूरी है या नहीं, लेकिन ज्यादातर हिंदू कहते हैं कि गोमांस खाने वाला व्यक्ति हिंदू नहीं हो सकता है

जबकि भारत की विविध आबादी में धार्मिक समारोहों और परंपराओं का मिश्रण है, लेकिन कई हिंदू इसे स्वीकार नहीं करते हैं। वास्तव में, जबकि देश के 17% हिंदुओं का कहना है कि वे क्रिसमस समारोह में भाग लेते हैं, लगभग आधे हिंदू (52%) कहते हैं कि ऐसा करना एक व्यक्ति को हिंदू होने के लिए अयोग्य बनाता है (उन 35% की तुलना में जो कहते हैं कि कोई व्यक्ति हिंदू हो *सकता* है चाहे वह क्रिसमस मनाता है)। हिंदुओं के एक बड़े हिस्से (63%) का कहना है कि एक व्यक्ति हिंदू नहीं हो सकता है यदि वे इस्लामी त्योहार ईद मनाता है - एक ऐसा विचार जो देश के दक्षिणी या पश्चिमी भाग की तुलना में उत्तरी, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भाग में ज्यादा प्रचलित है।

हिन्दुओं के इस बात पर अलग-अलग मत हैं कि क्या ईश्वर में विश्वास करना, मंदिर में जाना और प्रार्थना करना जैसी मान्यताएं और प्रथाएं हिंदू होने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन एक व्यवहार जो भारतीय हिंदुओं का स्पष्ट बहुमत हिंदू धर्म के साथ असंगत है, वह है गोमांस खाना: भारत में 72% हिंदुओं का कहना है कि गोमांस खाने वाला व्यक्ति हिंदू नहीं हो सकता। यह उन हिंदुओं के प्रतिशत से भी अधिक है जो कहते हैं कि एक व्यक्ति हिंदू नहीं हो सकता है यदि वे भगवान (49%) में विश्वास को अस्वीकार करता हैं, कभी मंदिर नहीं जाता है (48%) या कभी प्रार्थना नहीं करता है (48%) ।

भारत के हिंदू ज्यादातर कहते हैं कि कोई व्यक्ति हिंदू नहीं हो सकता है अगर वह गोमांस खाता है, ईद मनाता है

*% भारतीय हिन्दुओं का कहना है कि वे व्यक्ति हिन्दू **नहीं हो** सकता है जो...*

	गोमांस खाता हैं	ईद मनाता है	हिन्दू त्यौहार नहीं मनाता है	क्रिसमस मनाता है	ईश्वर में विश्वास नहीं रखता है	कभी मंदिर नहीं जाता है	कभी प्रार्थना नहीं करता है
कुल हिन्दू	72%	63%	56%	52%	49%	48%	48%
उत्तर	83	71	70	56	52	53	54
मध्य	83	75	67	62	55	51	55
पूर्व	79	73	55	50	49	48	47
पश्चिम	68	45	60	43	54	53	53
दक्षिण	50	46	34	47	39	38	37
उत्तर-पूर्व	74	69	49	58	42	38	40

ध्यान दें: गहरे रंग उच्चतम मानों को दर्शाते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

गोमांस के प्रति दृष्टिकोण हिंदुओं के बीच एक क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विभाजन का हिस्सा प्रतीत होता है: गोमांस खाने वालों को हिंदू होने के लिए अयोग्य ठहराने में दूसरों की तुलना में दक्षिण भारतीय हिन्दू काफी कम हैं (50% बनाम 83% देश के उत्तर और मध्य भाग में) और, कुछ हिस्से में, हिंदुओं के गोमांस और हिंदू पहचान पर विचार, धार्मिक अलगाव के लिए एक प्राथमिकता, व हिंदू राष्ट्रवाद के तत्वों के साथ जुड़े हुए हैं। उदाहरण के लिए, जो हिंदू गोमांस खाने के मजबूती से खिलाफ हैं, वे दूसरों की तुलना में यह कहने की अधिक संभावना रखते हैं कि वे अन्य धर्मों के अनुयायियों को अपने पड़ोसी के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे (49% बनाम 30%) और यह कहते हैं कि सच्चा भारतीय होने के लिए हिंदू होना बहुत महत्वपूर्ण है (68% बनाम 51%)।

भारत में हिंदुओं के गोमांस के प्रति विचार, अलगाववाद, राष्ट्रवाद के प्रति दृष्टिकोण के साथ जुड़े हैं

% भारतीय हिन्दू जो ...



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

संबंधित रूप से, 44% हिंदू कहते हैं कि वे शाकाहारी हैं, और अतिरिक्त 33% कहते हैं कि वे कुछ प्रकार का मांस खाने से परहेज करते हैं। हिंदू पारंपरिक रूप से गायों को पवित्र मानते हैं, और भारत में गोहत्या से संबंधित कानून हाल ही में विवादात्मक हैं। साथ ही, गोमांस खाने को धार्मिक पहचान से जोड़ने में हिंदू अकेले नहीं हैं: सर्वेक्षण किए गए 82% सिक्ख और 85% जैन कहते हैं कि व्यक्ति जो गोमांस खाता है, वह उनके धार्मिक समूहों का सदस्य नहीं हो सकता है। बहुसंख्यक सिक्ख (59%) और पूर्णतया 92% जैन कहते हैं कि वे शाकाहारी हैं, जिसमें 67% जैन भी शामिल हैं जो कंद मूल नहीं खाते हैं।[8] (धर्म और आहार संबंधी आदतों के बारे में अधिक डेटा के लिए, अध्याय 10 देखें।)

[8]जीव (आत्मा) की अवधारणा पर जैन धर्मशास्त्र के विश्लेषण के लिए Chapple, Christopher K. के. देखें। 2014. "Life All Around: Soul in Jainism." Biernacki में, Loriliai and Philip Clayton, eds. "Panentheism Across the World's Traditions."

साइडबार: धर्म, राष्ट्रीय पहचान के विचारों में दक्षिण के लोग देश के बाकी हिस्सों से अलग हैं

सर्वेक्षण में लगातार यह पाया गया है कि दक्षिण (आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी) के लोग धर्म, राजनीति और पहचान में अपने विचारों में देश के अन्य जगहों के भारतीयों से भिन्न हैं।

उदाहरण के लिए, दक्षिण के लोग अन्य क्षेत्रों के लोगों की तुलना में कुछ हद तक कम धार्मिक हैं - 69% कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है, जिसकी तुलना में देश के मध्य भाग में ऐसा कहने वाले 92% हैं। और अन्य क्षेत्रों के आधे से अधिक भारतीयों की तुलना में 37% कहते हैं कि वे हर दिन प्रार्थना करते हैं। दक्षिण के लोग धर्म या जाति के आधार पर भी कम पृथक हैं - इसमें शामिल चाहे उनकी दोस्ती के दायरे हों, किस तरह के पड़ोसी चाहते हैं या अंतर्जातीय विवाह के बारे में वे क्या सोचते हैं। (अध्याय 3 देखें।)

हिंदू राष्ट्रवादी भावनाओं की पकड़ भी दक्षिण में कम दिखाई देती हैं। हिंदुओं में, मध्य राज्यों (83%) या उत्तर (69%) की तुलना में दक्षिण में (42%) काफी कम हैं जो मानते हैं कि सच्चा भारतीय होने के लिए हिंदू होना बहुत महत्वपूर्ण है। और वर्ष 2019 के संसदीय चुनावों में, भाजपा में सबसे कम मतदान का हिस्सा दक्षिण से आया। सर्वेक्षण में, इस क्षेत्र में केवल 19% हिन्दुओं का कहना है कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है, जिसकी तुलना में देश के उत्तर भाग (68%) और मध्य (65%) में लगभग दो-तिहाई हैं, जो कहते हैं कि उन्होंने सत्तारूढ़ दल को मत दिया है।

सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से, दक्षिण में लोगों ने गौहत्या पर भाजपा के प्रतिबंधों और हिंदी भाषा के राष्ट्रीयकरण के प्रयासों के खिलाफ विरोध किया है। इन कारकों ने कदाचित दक्षिण में भाजपा की कम लोकप्रियता में योगदान दिया है, जहां अधिक लोग क्षेत्रीय दलों या भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को पसंद करते हैं।

दृष्टिकोण और व्यवहार में ये अंतर, दक्षिण और देश के अन्य क्षेत्रों के बीच आर्थिक विषमताओं के व्यापक संदर्भ में मौजूद हैं। समय के साथ, दक्षिणी राज्यों ने देश के उत्तर और मध्य भागों की तुलना में मजबूत आर्थिक विकास देखा है। और दक्षिण में निचली जातियों और महिलाओं ने देश में कहीं और अपने समकक्षों की तुलना में आर्थिक रूप से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन किया है। हालांकि दक्षिण में दस में से तीन लोगों का कहना है कि भारत में व्यापक जातिगत भेदभाव है, इस क्षेत्र में भी जाति-विरोधी आंदोलनों का इतिहास रहा है। वास्तव में, एक लेखक ने बड़े पैमाने पर दक्षिण की आर्थिक वृद्धि को जाति पदानुक्रमों के समतल होते जाने को जिम्मेदार बताया है।

भारत में मुस्लिम पहचान

भारत में अधिकांश मुसलमान कहते हैं कि वह व्यक्ति मुसलमान नहीं हो सकता जो कभी नमाज़ नहीं पढ़ता या मस्जिद नहीं जाता है। इसी तरह, लगभग दस में से छह कहते हैं कि दिवाली या क्रिसमस का उत्सव मनाना मुस्लिम समुदाय के सदस्य होने के साथ असंगत है। साथ ही, बहुत अधिक मात्रा में अल्पसंख्यक पूर्वाग्रह मुक्तता का स्तर व्यक्त करता है कि कौन मुसलमान हो सकता है, जिसमें पूर्णतया एक तिहाई (34%) मुसलमान कहते हैं कि कोई व्यक्ति मुसलमान हो सकता है, भले ही वे अल्लाह में विश्वास न करें। (सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में 6% खुद को मुसलमान कहने वाले कहते हैं कि वे अल्लाह में विश्वास नहीं करते हैं)

हिन्दू की तरह, मुसलमानों में आहार प्रतिबंध हैं जो एक समूह की पहचान बनाए रखने में शक्तिशाली है। तीन-चौथाई (77%) भारतीय मुसलमानों का कहना है कि वह व्यक्ति मुसलमान नहीं हो सकता है जो सूअर का मांस खाता है, जो उस संख्या से भी अधिक है जो कहते हैं कि वह व्यक्ति मुसलमान नहीं हो सकता है जो अल्लाह (60%) में विश्वास नहीं करता है या कभी मस्जिद नहीं जाता है (61%)।

ईश्वर पर विश्वास न करने की तुलना में, भारतीय मुसलमानों की यह कहने की संभावना अधिक है कि सूअर का मांस खाना इस्लाम में असंगत है

*% भारतीय मुसलमानों का कहना है कि वे व्यक्ति मुस्लिम **नहीं** हो सकते जो...*

	सूअर का मांस खाते हैं	कभी नमाज़ नहीं पढ़ते	मुस्लिम त्यौहार नहीं मनाते	कभी मस्जिद नहीं गए	अल्लाह में विश्वास नहीं रखते	क्रिसमस मनाते हैं	दिवाली मनाते हैं
कुल मुसलमान	77%	67%	64%	61%	60%	59%	58%
उत्तर	72	70	69	66	63	58	57
मध्य	92	80	86	70	74	74	71
पूर्व	76	64	55	57	52	59	63
पश्चिम	71	80	78	76	68	48	41
दक्षिण	63	41	36	43	48	52	45
उत्तर-पूर्व	74	57	51	51	56	55	53

ध्यान दें: गहरे रंग उच्चतम मानों को दर्शाते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारतीय मुसलमान धार्मिक प्रतिबद्धता के उच्च स्तर देते हैं: 91% लोग कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है, दो-तिहाई (66%) कहते हैं कि वे दिन में कम से कम एक बार नमाज़ पढ़ते हैं, और दस में से सात कहते हैं कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार मस्जिद जाते हैं - जिसमें अधिकांश उपस्थिति मुस्लिम पुरुषों (93%) की है।

2011 के अंत और 2012 की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में किए गए PEW रिसर्च सेंटर के सर्वेक्षण के अनुसार, पड़ोसी मुस्लिम बहुल-देश पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुस्लिमों के सम्मुख भारतीय मुस्लिम व्यापक रूप से तुलना के योग्य हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान में, 94% मुसलमानों ने कहा कि उनके जीवन में धर्म बहुत महत्वपूर्ण है, जबकि 81% बांग्लादेशी मुसलमानों ने यही कहा। दक्षिण एशिया में अन्य जगह के मुसलमानों की तुलना में भारत में मुसलमानों की संख्या अधिक है जो कहते हैं कि वे नियमित रूप से मस्जिद में प्रार्थना करते हैं (भारत में 70% बनाम पाकिस्तान में 59% और बांग्लादेश में 53%), जिसमें अंतर मुख्यत: भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या के कारण है।

भारतीय मुसलमान पड़ोसी देशों के मुसलमानों जितने ही धार्मिक होते हैं, लेकिन इसकी तुलना में कम लोग कहते हैं कि इस्लाम के बारे में व्याख्या करने का एक ही सही तरीका है

% मुस्लिम वयस्क जो ...



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। Pew रिसर्च सेंटर के पाकिस्तान और बांग्लादेश में 10 नवंबर, 2011-5 फरवरी, 2012 में सर्वेक्षणों से लिए गए डेटा।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

साथ ही, भारत के कम मुस्लिम कहते हैं कि अनेक व्याख्याओं की तुलना में इस्लाम की "केवल एक सच्ची" व्याख्या है (पाकिस्तान में 72%, बांग्लादेश में 69%, भारत में 63%)।

जब उनके धार्मिक विश्वासों की बात आती है, तो कुछ मायनों में भारतीय मुसलमान पड़ोसी देशों के मुसलमानों की तुलना में भारतीय हिंदुओं से अधिक मिलते-जुलते हैं। उदाहरण के लिए, पाकिस्तान और बांग्लादेश में मुस्लिम लगभग पूरी तरह कहते हैं कि वे जन्नत और फरिश्तों में विश्वास करते हैं, लेकिन भारतीय मुसलमान अधिक संशयी लगते हैं: 58% लोग कहते हैं कि वे स्वर्ग/जन्नत में विश्वास करते हैं और 53% लोग फरिश्तों या अच्छी आत्माओं में विश्वास व्यक्त करते हैं। उसी प्रकार, भारतीय हिन्दुओं में, 56% लोग स्वर्ग में और 49% फरिश्तों या अच्छी आत्माओं में विश्वास करते हैं।

कुल मिलाकर, भारतीय मुसलमानों का जन्नत, फरिश्तों/अच्छी आत्माओं में विश्वास दक्षिण एशिया के अन्य मुसलमानों की तुलना में भारतीय हिंदुओं के अधिक समान लगता है

% जो ... में विश्वास रखते हैं



ध्यान दें: भारतीय मुसलमानों और हिंदुओं से पूछा गया कि क्या वे "फरिश्तों या अच्छी आत्माओं" में विश्वास करते हैं; पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों से केवल यह पूछा गया कि क्या वे फरिश्तों में विश्वास करते हैं।.
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें। Pew रिसर्च सेंटर के पाकिस्तान और बांग्लादेश में 10 नवंबर, 2011-5 फरवरी, 2012 में सर्वेक्षणों से लिए गए डेटा।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारत में बहुसंख्यक मुस्लिम महिलाएं "तीन तलाक" (इस्लामी तलाक) का विरोध करती हैं

कई भारतीय मुसलमानों ने ऐतिहासिक रूप से हनफ़ी कानून का अनुसरण किया है, जो सदियों से पुरुषों को तीन बार "तलाक" (जो अरबी और उर्दू में "विवाह-विच्छेद" के रूप में अनुवादित है) कहकर अपनी पत्नियों को तलाक देने की अनुमति देता है। परंपरागत रूप से, शब्द के प्रत्येक उपयोग के बीच सुलह के लिए अधिक प्रयास और प्रतीक्षा अवधि होने चाहिए थे, और एक ही बार में जल्दी से तीन बार "तलाक" बोलने के लिए पुरुष (हालांकि तकनीकी रूप से अनुमत) पर असहमति प्रकट की गई थी। भारत के उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2017 में तीन तलाक को असंवैधानिक करार दिया और वर्ष 2019 में इस पर कानूनन प्रतिबंध लगा दिया गया।

अधिकांश भारतीय मुसलमानों (56%) का कहना है कि मुस्लिम पुरुषों को इस तरह तलाक देने का अधिकार नहीं होना चाहिए। फिर भी, 37% भारतीय मुसलमानों का कहना है कि वे तीन तलाक का समर्थन करते हैं, जिसमें मुस्लिम महिलाओं (32%) की तुलना में यह स्थिति अपनाने की अधिक संभावना मुस्लिम पुरुषों (42%) की है। अधिकांश मुस्लिम

अधिकांश भारतीय मुसलमान तीन तलाक का विरोध करते हैं

% भारतीय वयस्कों का कहना है कि मुस्लिम पुरुषों को तीन बार 'तलाक' कहकर अपनी पत्नियों को तलाक देने का अधिकार होना चाहिए



ध्यान दें: "पता नहीं है/इंकार" दर्शाता है कि उत्तरदाताओं जिन्होंने उत्तर दिया, "पता नहीं है" या सवाल का जवाब देने से इंकार कर दिया।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

महिलाएं (61%) तीन तलाक का विरोध करती हैं।

अत्यधिक धार्मिक मुसलमान अर्थात, वे लोग जो कहते हैं कि उनके जीवन में धर्म का बहुत महत्त्व है, दूसरों मुसलमानों की तुलना में अधिक संभावित रूप से समर्थन करते हैं कि मुस्लिम पुरुषों को अपनी पत्नियों को तीन बार "तलाक" कहकर तलाक देने का अधिकार होना चाहिए (39% बनाम 26%).

भारत के दक्षिण और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तीन तलाक को मुसलमानों का सबसे अधिक समर्थन है, जहाँ आधे या अधिक मुसलमानों का कहना है कि यह (क्रमशः 58% और 50%) कानूनी होना चाहिए, हालांकि दक्षिण में 12% मुसलमान और पूर्वोत्तर में 16% मुसलमान किसी भी तरह से इस मुद्दे पर अपनी राय नहीं देते हैं।

सिक्खों को पंजाबी और भारतीय होने पर गर्व है

सिक्ख धर्म - हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म सहित चार प्रमुख धर्मों में से एक है - जिसकी उत्पत्ति भारतीय उपमहाद्वीप में हुई। पंजाब में सिक्ख धर्म का उदय 15वीं शताब्दी में हुआ, जब गुरु नानक, जो सिक्ख धर्म के संस्थापक के रूप में प्रतिष्ठित हैं, सिक्ख धर्म में 10 गुरुओं के क्रम में पहले गुरु बने।

आज, भारत के सिक्ख पंजाब राज्य में केंद्रित हैं। सिक्ख धर्म की एक विशेषता समुदाय की विशिष्ट भावना है, जिसे "खालसा" (जो "वो जो शुद्ध हैं" के रूप में अनुवादित है) के रूप में भी जाना जाता है। अनुयायी सिक्ख कई तरीकों में खुद को दूसरों से भिन्न मानते हैं, जिसमें उनके बालों को न कटवाना शामिल हैं। आज, भारत में लगभग तीन-चौथाई सिक्ख पुरुष और महिलाएं (76%) कहते हैं कि वे अपने बाल लंबे रखते हैं, और दो-तिहाई (67%) कहते हैं कि उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि उनके परिवारों में बच्चे भी अपने बालों को लंबे रखें। (सिक्खों के अपने बच्चों को धार्मिक परंपराओं को सिखाने के विचारों के अधिक विश्लेषण के लिए, अध्याय 8 देखें।)

भारत में अधिकांश सिक्ख वयस्कों का कहना है कि वे अपने बाल लंबे रखते हैं

% भारतीय सिक्ख जो कहते हैं...



स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें।
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"

PEW रिसर्च सेंटर

भारतीय वयस्कों की तुलना में सिक्खों में अधिक संभावना है कि वे प्रतिदिन धार्मिक सेवाओं में भाग लेते हैं - 40% सिक्ख कहते हैं कि वे हर दिन गुरुद्वारा (सिक्खों का पूजा स्थल) जाते हैं। तुलनात्मक रूप से, 14% हिंदू कहते हैं कि वे हर दिन मंदिर जाते हैं। इसके अलावा, सिक्खों (94%) का विशाल बहुमत उनकी पवित्र पुस्तक, गुरु ग्रंथ साहिब को, परमेश्वर के वचन के रूप में मानता है, और कई (37%) कहते हैं कि वे इसे पढ़ते हैं, या हर दिन इसका पाठ सुनते हैं।

भारत में सिक्ख अन्य धार्मिक परंपराओं को भी अपने व्यवहार में सम्मिलित करते हैं। कुछ सिक्खों (9%) का कहना है कि वे सूफी तरीके का पालन करते हैं, जो इस्लाम से जुड़े हैं, और लगभग आधे (52%) लोग

कहते हैं कि उनमें हिन्दू जैसा बहुत कुछ सामान्य है। मोटे तौर पर पांच में से एक भारतीय सिक्ख कहते हैं कि उन्होंने हिंदू मंदिर में प्रार्थना, ध्यान या अनुष्ठान किया हुआ है।

1970 और 1980 के दशक में सिक्ख-हिंदू के संबंधों में हिंसा का प्रवेश हुआ था, जब भारत और पाकिस्तान दोनों में सिक्ख राज्य को अलग करने की मांग अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई थी (जिसे खालिस्तान आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है)। वर्ष 1984 में, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके सिक्ख अंगरक्षकों द्वारा की गई थी जो सिक्ख आतंकवादियों की खोज में भारतीय अर्धसैनिक बलों द्वारा सिक्ख स्वर्ण मंदिर पर हमला करने के लिए बदला लेने के रूप में की गई थी। सिक्ख-विरोधी दंगे उत्तरी भारत, विशेषकर पंजाब राज्य में हुए थे।

भारतीय जनगणना के अनुसार, भारत में सिक्खों का विशाल बहुमत (77%) अभी भी पंजाब में रहता है, जहाँ 58% वयस्क जनसंख्या सिक्खों की है। तथा 93% पंजाबी सिक्ख कहते हैं कि राज्य में रहने में वे बहुत गर्व महसूस करते हैं।

भारत के सिक्खों को उनकी राष्ट्रीय और पंजाबी पहचान पर प्रायः संपूर्ण गर्व होता है

% भारतीय सिक्ख जो कहते हैं कि उन्हें ...

पंजाब के निवासी होने पर बहुत गर्व है*	93%
भारतीय होने पर बहुत गर्व है	95

* पंजाब के सिक्ख निवासियों में। अधिकांश भारतीय सिक्ख (77%) पंजाब में रहते हैं।
स्रोत: भारत में वयस्कों के बीच 17 नवंबर, 2019- 23 मार्च, 2020 को आयोजित किया गया सर्वेक्षण। विवरण के लिए कार्यप्रणाली देखें
"भारत में धर्म: सहिष्णुता और अलगाव"
PEW रिसर्च सेंटर

सिक्खों को अपनी भारतीय पहचान पर भी अत्यधिक गर्व है। सिक्खों में लगभग सभी लोगों का कहना है कि उन्हें भारतीय (95%) होने पर बहुत गर्व है, और विशाल बहुमत (70%) लोगों का कहना है कि भारत का अपमान करने वाला व्यक्ति सिक्ख नहीं हो सकता। और भारत के अन्य धार्मिक समूहों की तरह, अधिकांश सिक्ख अपने समुदाय के प्रति व्यापक भेदभाव के प्रमाण नहीं देखते हैं - सिर्फ 14% कहते हैं कि भारत में सिक्खों को बहुत भेदभाव का सामना करना पड़ता है, और 18% कहते हैं कि उन्होंने पिछले वर्ष में व्यक्तिगत रूप से धार्मिक भेदभाव का सामना किया है।

साथ ही, देश में सांप्रदायिक हिंसा को बड़ी समस्या के रूप में देखने वाले अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में सिक्ख धर्म के लोगों की संभावना अधिक है। 65% हिंदुओं और मुसलमानों की तुलना में, दस में से लगभग आठ सिक्ख (78%) सांप्रदायिक हिंसा को प्रमुख मुद्दे का दर्जा देते हैं।

1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई हिंसाओं के लिए भाजपा ने सिक्खों को आर्थिक रूप से क्षतिपूर्ति करने का प्रयास किया है, लेकिन अपेक्षाकृत कुछ सिक्ख मतदाताओं (19%) ने 2019 के संसदीय चुनावों में भाजपा को वोट दिया । सर्वेक्षण में पाया गया कि 33% सिक्खों ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी - गांधी की पार्टी को प्राथमिकता दी।